

## जगन्नाथपुर रथ मेला





### जल संकट : डोरंडा पीएचइडी कार्यालय तक पैदल मार्च

# भाजपा ने निकाली हाहाकार यात्रा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** जल संकट को लेकर महानगर भाजपा सड़क पर उतर गयी है। महानगर अध्यक्ष केके गुप्ता के नेतृत्व में पार्टी नेताओं ने डोरंडा के पीएचइडी कार्यालय तक पैदल मार्च करते हुए हाहाकार यात्रा निकाली। इसमें विभिन्न क्षेत्रों के नेता, विधायक और सांसद के साथ साथ बड़ी संख्या में आम नागरिक भी शरीक हुए। सांसद संजय सेठ, विधायक सीपी सिंह, नवीन जायसवाल, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन सहित कई नेता मौजूद थे। सभी क्षेत्र के सैकड़ों की संख्या में महिलाएं भी हाहाकार यात्रा में शामिल हुईं। इसके बाद सभी कार्यकताओं ने कार्यालय के गेट के सामने धरना दिया।

मौके पर विधायक सीपी सिंह ने कहा कि अगर यही स्थिति रही तो आने वाले दिनों में लोग अपने अपने घरों का काम छोड़कर ऐसे ही सड़कों पर बैठने को मजबूर हो जायेंगे। विधायक नवीन जायसवाल ने कहा कि पानी का लेवल दिन-प्रतिदिन नीचे जा रहा है। लोग पानी के लिए सड़क से लेकर नेताओं के आवास तक प्रदर्शन कर रहे हैं। लेकिन, राज्य में बैठी सरकार को जनता की परेशानी दिखाई नहीं दे रही है।



इस प्रदर्शन में शामिल होने आयी महिलाओं ने कहा कि सुबह से लेकर शाम तक पानी के लिए लोगों को इंतजार करना पड़ता है। इसके बावजूद भी लोगों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। इस बाबत कई बार निगम या जिला प्रशासन की तरफ से पानी के लिए टैंकर भेज दिया जाता है, जो कि लोगों की आवश्यकता को पूरा नहीं कर सकता।

हाहाकार यात्रा में शामिल महिलाओं ने भी कहा कि बीजेपी के इस प्रदर्शन का सभी महिला समर्थन करती हैं, क्योंकि सबसे ज्यादा पानी की वजह से दिक्कतों का सामना घरों की महिलाओं को करना पड़ रहा है। हाहाकार यात्रा में सूरज चौरसिया, राजू सिंह, बलराम सिंह, वरुण साहू, अनिता वर्मा समेत दर्जनों शामिल थे।

## समेकित बिरसा ग्राम विकास योजना पर कार्यशाला आयोजित

**रांची।** कृषि भवन के समेति सभागार में समेकित बिरसा ग्राम विकास योजना सह कृषक पाठशाला योजना के तहत एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया । कार्यशाला में राज्य में मौजूदा 17 कृषक पाठशाला के कार्यक्रम प्रबंधक और कृषि सलाहकारों ने भाग लिया इनके बीच कृषक उत्पादक समूह के गठन एवं संचालन की प्रक्रिया पर विस्तृत चर्चा की गई। एफपीओ के विशेषज्ञ भिंसी अहीर ने किसानों के लिए एफपीओ के महत्व, एफपीओ से उनके जुड़ाव एवं सदस्यता, गठन प्रक्रिया, पंजीकरण, प्रमाणन, व्यापार योजना एवं संचालन पर विस्तृत जानकारी दी। साथ ही,देश के विभिन्न हिस्सों में चल रहे मॉडल एफपीओ के गठन एवं संचालन के बारे में भी बताया। सहायक निदेशक आशुतोष कुमार, राज्य कार्यक्रम प्रबंधन इकाई सदस्य अलोक कुमार, अंकित कुमार, निशांत कुमार, सिद्धार्थ राज, कुमकुम कुमारी, सकुन शान एवं जितेन्द्र कुमार ने भी प्रतिभागियों को योजना से सम्बंधित सारी प्रक्रिया को सुचारू रूप से चलाने की जानकारी दी।

# झारखंड प्रदेश राजद महिला प्रकोष्ठ का डेलिगेशन लालू प्रसाद से मिला



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल (महिला प्रकोष्ठ) की प्रदेश अध्यक्ष रानी कुमारी के नेतृत्व में पार्टी से जुड़ी महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश स्तर की महिला पदधारियों ने पटना में राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव से उनके आवास पर मुलाकात की। इस संबंध में रानी कुमारी ने बताया कि आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पार्टी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव से भेंट कर उनका मार्गदर्शन लिया। मुलाकात के दौरान झारखंड में राजद को मजबूत बनाने और पार्टी का जनाधार बढ़ाने की रणनीति पर भी विचार विमर्श किया गया। रानी कुमारी ने झारखंड के वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य और पार्टी की अद्यतन स्थिति से भी श्री यादव को अवगत कराया।

उन्होंने बताया कि श्री यादव ने टीम में शामिल महिला प्रकोष्ठ की पदधारियों को मार्गदर्शन देते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। आगामी चुनाव में राजद के साथ-साथ महागठबंधन का परचम झारखंड में लहरे, इस दिशा में प्रयासरत रहने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि श्री यादव से मिलने के बाद महिला प्रकोष्ठ से जुड़ी पार्टी के पदधारियों में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। सभी महिला नेत्रियों ने पार्टी के प्रति समर्पित रहते हुए संगठन को सशक्त बनाने के लिए सतत प्रयासरत रहने का संकल्प लिया। इस अवसर पर राजद महिला प्रकोष्ठ पलामू की जिलाध्यक्ष रूना देवी, प्रदेश सचिव सरिता देवी, कोडरमा राजद महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष अमरजीत कौर, धनबाद राजद महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष अनवारी खातून, प्रदेश सचिव गुलशन खातून, चतरा राजद महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष शारदा देवी, पलामू राजद महिला प्रकोष्ठ की जिला उपाध्यक्ष फुलवा देवी मौजूद थीं।

## सीसीएल में फॉरेस्ट क्लीयरेंस से संबंधित कार्यशाला का आयोजन



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सीसीएल मुख्यालय, रांची में फॉरेस्ट क्लीयरेंस से संबंधित कार्यशाला का आयोजन गुरुवार को किया गया। इस अवसर पर सीएमडी सीसीएल,पीएम प्रसाद और प्रिंसिपल चीफ कंजर्वेटर ऑफ फॉरेस्ट एवं हेड ऑफ फॉरेस्ट फोर्स (पीसीसीएफ-एचओएफएफ), झारखण्ड सरकार डॉ. संजय श्रीवास्तव, सीसीएल निदेशक राम बाबू प्रसाद, बी. साईराम, निदेशक तकनीकी (योजना/ परियोजना), बीसीसीएल, उदय कावले, एआईजी (वन) एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, पर्यावरण एवं वन मंत्रालय शशि शंकर, शशि नंद कोयलयार एवं अतिथि उपस्थित थे। इस कार्यशाला के अध्यक्ष डॉ. संजय श्रीवास्तव ने वन मंजूरी और उसके समाधान में आने वाली चुनौतियों पर प्रकाश डाला। कार्यशाला में उपस्थित अन्य प्रतिष्ठित वक्ताओं ने वन संरक्षण और मंजूरी विषय पर विस्तार से चर्चा किये। सीएमडी पीएम. प्रसाद ने उपस्थित सभी को संबोधित करते हुये कहा कि कंपनी द्वारा निर्बाद्ध रूप से कोयला उत्पादन के लिए फॉरेस्ट क्लीयरेंस महत्वपूर्ण है। इस कार्यशाला से इसके बारिकियों को और बेहतर ढंग से समझने में मदद मिलेगी जिससे कंपनी निश्चित रूप से लाभान्वित होगी। इस कायार्शाला में सीसीएल सहित बीसीसीएल एवं ईसीएल, के अधिकारीगणों ने भी भाग लिया।

### नमाज कक्ष पर झारखंड विधानसभा ने हाइकोर्ट को बताया

# विधायकों की कमेटी ने अब तक नहीं दी है रिपोर्ट

**कोर्ट की खबरें**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड विधानसभा में नमाज कक्ष के रूप में एक रूम को नोटिफाइड किए जाने को चुनौती देने वाली अजय कुमार मोदी की जनहित याचिका की सुनवाई गुरुवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में झारखंड विधानसभा की ओर से शपथ पत्र दायर कर बताया गया कि मामले को लेकर 7 सदस्य वाली कमेटी गठित की गई है, जिसकी रिपोर्ट अब तक नहीं आई है। जिस पर हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने विधानसभा को 5 सप्ताह में कमेटी की रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया।

विधानसभा की ओर से अधिवक्ता अनिल कुमार ने पैरवी की। उनकी ओर से बताया गया है कि विधानसभा में सभी राजनीतिक पार्टियों में से 7 विधायकों की एक कमेटी बनाई गई है जो विधानसभा में नमाज कक्ष के बारे में अपनी रिपोर्ट देगी। पिछली सुनवाई में उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया था कि देश के अन्य राज्यों के विधानसभा से नमाज कक्ष को लेकर एक रिपोर्ट मंगाई गई है। उनकी रिपोर्ट के आधार पर कानूनी पक्ष को देखते हुए इस संबंध में बनी कमेटी अपना रिपोर्ट देगी। यह देखा जा रहा है कि देश के किन- किन राज्यों के विधानसभा में नमाज कक्ष की व्यवस्था है।

### रतन हाइट्स मामले में आदेश सुरक्षित

**रांची।** रतन हाईट्स बिल्डिंग सोसाइटी की याचिका पर सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में गुरुवार को हुई। करीब ढाई घंटे तक लंबी बहस के बाद मामले में सभी पक्षों की सुनवाई पूरी हो गई। इसके बाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति राजेश शंकर की कोर्ट ने मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया। कोर्ट 13 जुलाई को अपना आदेश सुनाएगी। दरअसल, मामले में करीब 4 माह से सुनवाई चल रही थी। पिछले सुनवाई में प्रतिवादियों (जमीन मालिक एवं बिल्डर वीकेएस रियलिटी) की ओर से बहस पूरी हो गई थी। गुरुवार को सभी पक्षों की ओर से अपनी बहस की गई। कोर्ट ने भवन निर्माण कार्य पर रोक जारी रखी है। कोर्ट के आदेश के आलोक में बिल्डर वीकेएस रियलिटी ने पूर्व में रिटेनिंग वॉल को लेकर अंडरटेकिंग दी थी। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता रोहित रंजन सिन्हा ने पक्ष रखा। वहीं प्रतिवादी की ओर से वरीय अधिवक्ता अनिल कुमार सिन्हा एवं अजीत कुमार ने पैरवी की। हस्तक्षेपकर्ता की ओर से वरीय अधिवक्ता वीपी सिंह ने पैरवी की। रांची नगर निगम की ओर से अधिवक्ता शशांक शेखर ने पैरवी की।

### रेलवे अधिकारियों के खिलाफ चार जुलाई को होगा आरोप तय

**रांची।** घूसखोरी मामले के आरोपी रेल इंडिया टक्निकल एवं इकोनॉमिक सर्विसेज के जीएम अभय कुमार, डीजीएम राजीव रंजन, हरदेव कंस्ट्रक्शन के अवतार सिंह एवं सहयोगी शशि के खिलाफ अब चार जुलाई को आरोप तय किया जायेगा। गुरुवार को सीबीआई कोर्ट में आरोप गठन के बिंदु पर सुनवाई होनी थी। लेकिन बचाव पक्ष ने समय की मांग की। सीबीआई ने आरोपियों के चार जून 2022 को गिरफ्तार किया था। मेजरमेंट बुक में हेराफेरी कर मदद पहुंचाने और समय पर भुगतान करने के लिए अभय कुमार ने पांच लाख रुपये रिश्वत मांगी। जीएम के निर्देश पर डीजीएम राजीव रंजन ने अवतार सिंह के कर्मचारी को फोन कर पांच लाख रुपये की मांग की। इसमें से 2.72 लाख रुपये का भुगतान किया गया। वैसे ही सीबीआई ने गिरफ्तार कर लिया था।

## खबर एक नजर में

### व्यावसायिक जल संयोजन की जांच हुई



**रांची।** रांची नगर निगम जलापूर्ति शाखा के धावा दल ने गुरुवार को कांके रोड वार्ड 01 में रेस्टोरेंट, ब्यूटीपार्लर, सलून, कार वाशिंग सेंटर में जांच किया गया। कुल 09 व्यावसायिक जल संयोजन की जांच की गयी। जिसमें सभी को स्वीकृत जल संयोजन का कागजात सात दिनों के अंदर दिखलाने के लिए नोटिस दिया या। धावा दल में श्री शनि कुमार, सहायक प्रशासक प्रसून कौशिक, सहायक प्रशासक, जलापूर्ति शाखा के कर्मचार, च्वाइस कंसलटेंसी के प्रतिनिधि एवं एन्फोर्समेंट ऑफिसर शाामिल थे। बताया गया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट का हुआ उद्घाटन



**रांची।** सीएमपीडीआई सीएमडी मनोज कुमार ने क्षेत्रीय संस्थान-5, बिलासपुर में प्रतिदिन 1000 लीटर क्षमता वाली ''एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट (ईटीपी) का उद्घाटन किया। इस अवसर पर सीएमपीडीआई के क्षेत्रीय संस्थान-5-बिलासपुर के क्षेत्रीय निदेशक आईडी नारायण व अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे। इस''एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट (ईटीपी) का उपयोग विशेष रूप से क्षेत्रीय संस्थान-5, बिलासपुर के प्रयोगशाला से निकलने वाले पानी का उपचार (ट्रीटमेंट) करने में किया जाएगा। इसके माध्यम से पानी का उपचार करने के उपरांत पुन: उपयोग में लाया जा सकता है जिससे पानी के संरक्षण और रिसाइकलिंग में मदद मिलेगी। इस अवसर पर श्री कुमार ने कहा कि सीएमपीडीआई हमेशा पर्यावरण का बचाव एवं इसके संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध रहता है। उन्होंने ऐसी पहल करने के लिए पूरी टीम की प्रशंसा की।

### जानलेवा हमले का आरोपी साक्ष्य के अभाव में बरी

**रांची।** अपर न्यायायुक्त विशाल श्रीवास्तव की अदालत ने जानलेवा हमले के आरोपी बुढ़मू निवासी सहमूद खान को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। सुनवाई के दौरान मामले के सूचक अमीन खान उर्फ अमीन अंसारी पूर्व के बयान से मूकर गया। जिसका लाभ आरोपी को मिला। अमीन अंसारी ने 13 नवंबर 2020 को बुढ़मू थाना में प्राथमिकी कांड संख्या 78/20 दर्ज कराई थी।

### कैदी की रिम्स में मौत, पोस्टमार्टम की हुई वीडियोग्राफी

**रांची।** बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में उम्र कैद की सजा काट रहे 60 वर्षीय कैदी अगनु उरांव की रिम्स में इलाज के दौरान मौत हो गयी। अगनु उरांव रांची जिले के चान्हों के खरा गांव का रहने वाला था। 5 जून को अचानक उसकी तबीयत खराब हो गयी थी। इसके बाद कारा चिकित्सकों की अनुशंसा पर उसे रिम्स में भर्ती किया गया था। बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा के अधीक्षक ने रिम्स अधीक्षक को पत्र लिखकर अगनु उरांव के शव के पोस्टमार्टम की वीडियोग्राफी कराने का आग्रह किया था। इसके बाद कैदी के शव के पोस्टमार्टम की वीडियोग्राफी करायी गयी और प्रतिवेदन जेल अधीक्षक को सौंपा गया।

### रांची में छह लोगों की आत्महत्या की गुत्थी सुलझाने में पुलिस को लगे सात साल

# घर की बहू मधुमिता को गिरफ्तार कर जेल भेजा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** किसी भी परिवार की बहू द्वारा लगाया गया हर इल्जाम सही नहीं होता है। इल्जाम लगाये जाने के बाद परिवार अपनी सामाजिक प्रतिष्ठा को बचाने के लिए किस हद तक जा सकता है। इसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। कुछ इसी तरह की घटना रांची में साल 2016 में घटित हुई थी। सदर थाना क्षेत्र के रिवर्सा अपार्टमेंट में रहने वाले सुकांतो सरकार समेत छह लोगों ने बीते 9 अक्टूबर 2016 को आत्महत्या कर ली थी। घटना के सात साल बाद पुलिस ने आत्महत्या मामले की गुत्थी सुलझाने में सफल रही है।

रांची पुलिस की जांच में मधुमिता सरकार को ही घर के छह सदस्यों के सामूहिक आत्महत्या की वजह माना गया है। आरोप साबित होने के बाद मधुमिता सरकार को रांची पुलिस ने कोलकाता से गिरफ्तार किया और ट्रांजिट रिमांड पर लेकर गुरुवार को रांची पहुंची। इसके बाद न्यायिक दंडाधिकारी डीएन शुक्ला की अदालत में प्रस्तुत किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार भेज दिया गया।

मालूम हो कि 9 अक्तूबर 2016 को रिवर्सा अपार्टमेंट के फ्लैट नम्बर 1002 में रहने वाले सेना के रिटायर डॉक्टर सुकांतो सरकार ने अपने पत्नी, एक बहू, एक बेटे और दो मासूम बच्चों के साथ आत्महत्या कर ली थी। रांची के सदर थाने को सूचना दी गई कि रिवर्सा अपार्टमेंट में रहने वाले एक डॉक्टर के पूरे परिवार ने आत्महत्या कर ली है। यह सूचना डॉक्टर सरकार के भांजे डॉक्टर सुब्रतो चौधरी ने पुलिस को दी थी। पुलिस जब घटनास्थल पर पहुंची तो वहां का दृश्य बेहद खौफनाक था। फ्लैट के अंदर पहुंचने पर पुलिस ने देखा कि डॉक्टर सरकार का कमरा खून से लथपथ है और उसी कमरे में समीर सरकार, दूसरे बेड पर तथा बगल वाले कमरे में डॉक्टर सरकार



की पत्नी, दोनों बच्चे और मोमिता (छोटी बहू) सोई हुई है तथा सभी के मुंह से झाग गिर रहा है। जांच के क्रम में डॉक्टर सरकार के अलावा सभी मृत पाए गए। आनन-फानन में डॉक्टर सरकार को भी अस्पताल में भर्ती करवाया गया लेकिन कुछ ही दिनों बाद इलाज के दौरान उनकी भी मौत हो गई।

पूरे झारखंड को झकझोर देने वाली इस घटना की जांच सदर पुलिस के द्वारा शुरू की गई। लगभग दो दर्जन परिवार और परिवार के बाहर के लोगों का बयान दर्ज किया गया। पूरे मामले को लेकर जो कहानी सामने आई उसके अनुसार डॉक्टर सरकार ने अपने बेटे समीर सरकार की शादी साल 2006 में मधुमिता सरकार के साथ धूमधाम से की। शादी के कुछ ही दिनों बाद मधुमिता सरकार की एक बहन मोमिता जो कोलकाता के एक आश्रम में रहा करती थी उसे भी परिवार के सभी सदस्यों की सहमति से अपने घर ले आए और साल 2010 में मोमिता की शादी अपने भतीजे पार्थिव सरकार से करा दी। मोमिता की शादी के बाद से ही मधुमिता सरकार को ऐसा महसूस होने लगा कि इस घर में उनकी छोटी बहन मोमिता सरकार को लोग ज्यादा पसंद करते हैं और उसी को ज्यादा मान सम्मान देते हैं। इसके बाद से ही मधुमिता सरकार घर के लोगों के बीच गलत गलत आरोप लगाकर बेइज्जत करने के साथ-साथ दहेज प्रताड़ना के केस में फंसा देने की धमकी देने लगी। लगातार धमकी और प्रताड़ना की वजह से पूरा परिवार डिप्रेशन में रहने लगा। मधुमिता सरकार ने पूरे परिवार पर कई तरह के मामले दर्ज करवाए और कई एनजीओ की महिलाओं को घर बुलाकर उन्हें लगातार बेइज्जत भी करवाया।

डॉक्टर सरकार ने अपनी मृत्यु से ठीक पहले पुलिस को जो बयान दिया था उसमें भी यह बताया था कि उनकी बहू मधुमिता सरकार उनके कैरेक्टर को लेकर भी कई गंभीर आरोप उन पर लगा रही थी। लोक लाज और जेल जाने के भय से उन लोगों ने 8 अक्टूबर की रात को यह तय कर लिया कि वह सभी एक साथ आत्महत्या कर लेंगे और उन्होंने ऐसा किया भी।

डॉक्टर सरकार द्वारा मृत्यु से पहले मजिस्ट्रेट और पुलिस के सामने दिए गए बयान के साथ-साथ परिवार वालों की गवाही और अन्य लोगों की गवाही ने भी साबित किया कि मधुमिता सरकार की प्रताड़ना से तंग आकर ही पूरे परिवार ने आत्महत्या की थी।

## राज्य के विश्वविद्यालयों में सेफ्टी चेक कमेटी गठित करने की मांग

**रांची।** सामाजिक कार्यकर्ता राजेश कुमार ने गुरुवार को राज्य के उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के सचिव राहुल कुमार पुरवार को आवेदन देकर राज्य के विश्वविद्यालयों में 'सेफ्टी चेक कमेटी' बनाने की मांग की है। राजेश ने विगत दिनों रांची विश्वविद्यालय के सेंट्रल लाइब्रेरी कैंपस में भवन का छज्जा टूटकर गिरने से मंतोष बेदिया की मौत का हवाला देते हुये कहा कि यह हम सब के लिये एक सबक भी है, जो यह सोचने पर मजबूर करता है कि हम भविष्य में इस तरह की घटनाओं से कैसे बच सकते हैं। अगर उचित समय पर भवन की मरम्मत हुई होती तो शायद यह घटना नहीं होती। अतः राज्य के सभी विश्वविद्यालयों एवं तकनिकी शिक्षण संस्थानों में 10 सदस्यीय 'सेफ्टी चेक कमेटी' का गठन किया जाये। इस कमिटी में कुछ सामाजिक कार्यकर्ता, तकनिकी जानकारी वाले लोग, छात्र संघ के सदस्य एवं विश्वविद्यालय प्रशासन के सदस्य हों, जिसका नेतृत्व वीसी करें।

## मंत्री से मिला झारखंड प्रदेश संयुक्त शिक्षक मोर्चा का डेलिगेशन, कहा

# मातृभाषा में शिक्षा के अधिकार का हनन न करे सरकार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** झारखंड प्रदेश संयुक्त शिक्षक मोर्चा का प्रतिनिधि मंडल गुरुवार को राज्य के पेयजल स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर से मिला। प्रतिनिधिमंडल में मोर्चा के संयोजक विजय बहादुर सिंह, अमीन अहमद, प्रदेश प्रवक्ता अरुण कुमार दास, मोहम्मद फखरुद्दीन, मकसूद जफर हादी एवं राकेश श्रीवास्तव शामिल थे। इन्होंने राज्य के छात्र एवं शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के लिए मंत्री से मिलकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के समक्ष विकराल होती जा रही समस्याओं के समाधान के लिए पहल करने का अनुरोध किया है।

मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री के संज्ञान में देने एवं इसका समाधान जल्द कराने की बात कही। मोर्चा के संयोजक अमीन अहमद एवं प्रवक्ता अरुण कुमार दास ने मंत्री के समक्ष लंबित मांगों को विस्तार पूर्वक रखते हुए मामलों के जल्द समाधान करने का आग्रह किया। शिक्षकों की समस्यायों पर चर्चा के बाद मंत्री मिथिलेश ठाकुर को मांग पत्र भी दिया गया।

**गृह जिला अथवा अंतर जिला स्थानांतरण :** 5 वर्ष की लगातार सेवा पूर्ण करने वाले शिक्षकों को गृह जिला अथवा अंतर जिला स्थानांतरण करते हुए बच्चों के मातृभाषा में शिक्षा के मौलिक अधिकार (आरटीई-2009) के हनन होने से रोकते हुए शिक्षा में वांछित गुणवत्ता के लक्ष्य को प्राप्त करने का मार्ग प्रशस्त किया जाये। वर्तमान के स्थानांतरण पोर्टल में असाध्य रोग एवं अलग-अलग जिलों में पदस्थापित पति-पत्नी शिक्षक शिक्षिकाओं को शामिल किया गया है, इसमें विकलांग शिक्षक, वैसे शिक्षक जिनके माता-पिता अथवा आश्रित असाध्य रोग से पीड़ित हैं एवं पारस्परिक स्थानांतरण को भी शामिल किया जाना चाहिये।

**छठे वेतन आयोग के अनुरूप अनुशंसित उत्क्रमित वेतनमान के आधार पर निर्धारित फिटमेंट टेबल को लागू करना :** 1 जनवरी 2006 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों के वेतन विसंगति को दूर करते हुए छठे वेतन आयोग के अनुशंसा के अनुरूप उत्क्रमित वेतनमान के निर्धारित फिटमेंट टेबल के आधार पर वेतन निर्धारण करने का आदेश राज्य के सचिवालय कर्मियों के समान यथाशीघ्र किया जाये।

**प्रधानाध्यापक समेत सभी ग्रेडों में प्रोन्नति का मामला :** राज्य में वर्षों से शिक्षकों की प्रोन्नति लंबित रहने के कारण आज राज्य के सभी विद्यालय प्रधानाध्यापक विहीन हो चुके हैं, जिसका प्रतिकूल प्रभाव शिक्षा के गुणवत्ता पर पड़ रहा है। विदित है कि झारखंड प्राथमिक शिक्षक नियुक्ति नियमावली 2012 से पूर्व कक्षा 1 से लेकर कक्षा 8 तक के लिए प्राथमिक शिक्षकों की नियुक्ति की गई है, जिन्हें बिहार राज्य शिक्षक नियुक्ति एवं स्थानांतरण नियमावली 1993 के अनुरूप वांछित योग्यता वाले सभी शिक्षकों को ग्रेड 4 अर्थात स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक के पद पर प्रोन्नत करते हुए प्रधानाध्यापक के पदों पर प्रोन्नति का मार्ग प्रशस्त किया जाये।

**एमएसीपी :** राज्य के अन्य कर्मचारियों एवं बिहार के शिक्षकों के समान राज्य के शिक्षकों को भी एमएसीपी का लाभ देकर राज्य के शिक्षक एवं कर्मचारियों के साथ समान व्यवहार किया जाये।

**शिक्षकों की सेवानिवृति उम्र 60 वर्ष से 62 वर्ष किया जाये :** राज्य के शिक्षकों की सेवानिवृति उम्र में अब तक कोई वृद्धि नहीं की गई है, जबकि पूर्व में राज्यकर्मियों के सेवानिवृति आयु में दो वर्ष की वृद्धि की गई है एवं वर्तमान में विश्वविद्यालय शिक्षकों का सेवानिवृति उम्र 65 वर्ष है। इस प्रकार शिक्षकों का भी सेवानिवृति उम्र बढ़ाकर कम से कम 62 वर्ष किया जाना चाहिए, ताकि गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के दिशा में अनुभवी शिक्षकों का लाभ मिलता रहे।

## जगन्नाथपुर मेले में डालसा ने लगातार तीसरे दिन लगाया विधिक जागरूकता शिविर

**रांची।** झालसा के निर्देशानुसार, न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष के मार्गदर्शन पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा)रांची के द्वारा जगरनाथपुर रथ मेला परिसर में जागरूकता कार्यक्रम का अयोजन किया गया। जिसमें सहायक लीगल एड डिफेन्स कौंसिल रांची सौरभ कुमार पाण्डेय, और बीरेंद्र प्रताप, पीएलवी बबिता देवी, मालती देवी, संगीता देवी, फुलेश्वरी देवी, पीएलवी एवं राजा उपस्थित थे। कार्यक्रम के तहत सौरभ कुमार पाण्डेय ने नालसा के 10 स्कीमों के बारे जानकारी दी। बाल-विवाह, दहेज प्रथा, डायन बिसाही, कन्या भ्रूण हत्या इत्यादि विषय के संबंध में न्याय प्राप्त करने हेतु उपाय के संबंध में जानकारी दी गयी। बिरेंद्र प्रताप ने आगामी 9 सितंबर को आयोजित होनेवाली लोक अदालत के बारे विस्तार से बताया। अंत में डालसा के पीएलवी ने मेला परिसर क्षेत्र में जागरूकता कार्यक्रम कर राहगीरों तथा मेला घुमने आये लोगों के बीच पम्पलेट, लिफलेट तथा कानूनी पुस्तिका का वितरण किया तथा निःशुल्क विधिक सहायता के बारे में बताया। इसके अलावा झारखण्ड सरकार के द्वारा चलाये जा रहे योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के बारे में बताया।

## डॉ फतेहउल्लाह रोड दुकानदार समिति के अध्यक्ष मनोनीत हुए इरफान कुरैशी



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची के इंडस्ट्रियल एरिया डॉ फतेहउल्लाह रोड दुकानदार समिति की एक बैठक आयशा बैंक्वेट हॉल में हुई। जिसकी अध्यक्षता झामुमो नेता फरीद खान ने और संचालन अधिवक्ता नसर इमाम ने किया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि डीएसपी दीपक कुमार उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथि लोअर बाजार थाना प्रभारी दया नंद, डेली मार्केट थाना प्रभारी थे। आए हुए सभी लोगो का स्वागत फरीद खान और उनकी टीम के द्वारा शॉल और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। बैठक सर्वसम्मति से डॉक्टर फतेहउल्लाह रोड दुकानदार समिति का चुनाव किया गया। जिसमे अध्यक्ष इरफान कुरैशी, उपाध्यक्ष शाहबाज अहमद उर्फ नवाब, मोहसिन खान और सज्जाद हैदर, सचिव यूसुफ अली, सफदर अली, बबलू और मो परवेज, उप सचिव अक्षत उर्फ सन्नी, मो साजिद, मो मुलायम और मो दानिश, कोषा अध्यक्ष शमीम युसूफी, और फरीद खान को चुना गया। लीगल एडवाइजर अधिवक्ता नसर इमाम बने। नसर इमाम और फरीद खान ने बताया कि दुकानदारों की सुरक्षा, उनकी परेशानी को हल करने के उद्देश्य से कमिटी का गठन किया गया है। हम सब दुकानदार एक परिवार के तरह हैं बस आपसी इत्तेहाद को बनाए रखना है। वहीं डीएसपी, थाना प्रभारी ने भरोसा दिलाया की डॉ फतेहउल्लाह रोड दुकानदार समिति को जब भी पुलिस प्रशासन की कोई जरूरत पड़ी तो हम आपके साथ खड़े हैं। हम से जो सहयोग होगा हम देने को तैयार है। आज की इस बैठक में नसीम अहमद, फैजान अहमद, मोहम्मद आबिद, मो दानिश, सोनू, मुन्नालाल, बबलू, साजन, मो अशफाक, रिजवान, मो आमिर, मो हुसैन, इबरार, मो मुस्तफा, अनवर आलम, अतहर इमाम, अजहर इमाम, तनवीर, मो सलीम, सीटू भाई, सोनू, साजिद, नन्हू, समेत दर्जनों लोग शामिल थे।

## वित्तीय साक्षरता पर आरबीआइ ने प्रतियोगिता का किया आयोजन

**रांची।** होटल रिट्रीट कॉन्टिनेंटल रांची में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा वित्तीय साक्षरता पर अखिल भारतीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता 2023 का आयोजन जिला स्तर पर किया गया। जिसमे अनगड़ा अंचल की राखी कुमारी और उर्मिला कुमारी ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान, सिल्ली अंचल की बिंदेश्वरी टुडू और नेहा मेहता ने संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान एवम बुंडू अंचल की रीना कुमारी और अमित कुमार महतो ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। सफल प्रतिभागियों को इनाम की राशि और स्मृति चिन्ह भेंट की गई। इस कार्यक्रम का अगला पड़ाव राज्य स्तर का होगा जिसमे झारखंड के प्रत्येक जिले से चयनित प्रतिभागियों को अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने का मौका मिलेगा।

## मेहनत इतनी खामोशी से करो कि कामयाबी शोर मचा दे : पारस अग्रवाल

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**रांची।** ब्रदर्स एकेडमी ने अपनी विशिष्ट कार्यशैली और अथक परिश्रम से रांची शहर में नंबर वन संस्थान के रूप मे खुद को स्थापित किया है और इस प्रतिष्ठा के अनुरूप सतत रूप से शिक्षण करता रहा है। ब्रदर्स एकेडमी ने विगत 11 वर्षों से रांची शहर में आइआइटी-जेइइ (मेन/ एडवांस) और नीट के परिणामों में नये मानक गढ़ कर शहर को प्रतिष्ठित किया है। आज हम आइआइटी एडवांस और नीट अचीवर्स फेस्टिवल-2023 कार्यक्रम के तहत संस्थान की सफलता को सेमिनार के माध्यम से आप सबों से साझा कर रहे हैं। ये बातें ब्रदर्स एकेडमी के निदेशक पारस अग्रवाल ने गुरुवार को आयोजित सेमिनार में कही। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी पढ़ाई में मेहनत इतनी खामोशी से करें कि उनकी कामयाबी शोर मचा दे।

गुरुवार के सेमिनार में आइआइटी जेइइ एडवांस 2023 के टॉपर किसलय (एआइआर-519) और निशांत (एआइआर-584) तथा नीट टॉपर समर्थ (स्कोर 660/720) और सक्षम (स्कोर 660/720) उपस्थित थे। इन सफल छात्रों की आंखों में सपनों की अनंत उड़ान के साथ सफलता की मुस्कान साफ दिख रही थी। इन सफल छात्रों ने 1000 से अधिक छात्रों के समूह को आइआइटी-जेइइ व नीट की प्रवेश परीक्षा में सफलता के मूल मंत्र दिये।

किसलय ने अपने आगामी वर्ष के आइआइटी जेइइ के अभ्यर्थियों को विषय के फंडामेंटल कॉन्सेप्ट को अच्छी तरह से समझने की सलाह के साथ प्रतिदिन कम से कम 6-7 घंटे के स्वाध्याय के रूटीन के बारे में बताया। साथ ही, कहा कि परीक्षा के दिनों में कम से कम 12-14 घंटे का अभ्यास उन्होंने किया। किसलय ने ये भी कहा कि विगत दो वर्षों में उन्होंने फेसबुक, व्हाट्सएप्प जैसे सोशल मीडिया व टीवी को पूरी तरह त्याग दिया था। किसलय ने कहा कि शिक्षकों द्वारा सुझाये मार्ग पर सघन स्वाध्याय ही लक्ष्य पाने का एकमात्र सरल और सुगम सूत्र है। उल्लासित सफल विद्यार्थियों ने अपनी सफलता अपने माता-पिता और गुरुजनों को समर्पित करते हुए कहा कि आइआइटी और नीट में दाखिले के सपने को मूर्त रूप देने में ब्रदर्स ऐकेडमी के शिक्षकों की अग्रणी भूमिका रही। इन्होंने कहा, संस्थान का अनुशासित शैक्षणिक वातावरण हमें अपने लक्ष्य के प्रति सदैव प्रेरित करता रहा और शिक्षकों की कर्तव्यनिष्ठा ने हमे हमारे सपनों तक पहुंचा ही दिया।

सेमिनार में प्रश्नोत्तर सत्र का भी आयोजन किया गया, जिसमें इन सफल छात्रों ने आगामी वर्ष के आइआइटी जेइइ व नीट के अभ्यर्थियों के विभिन्न प्रश्नों के उत्तर बहुत सटीक और परिपक्व अंदाज में दिये। सेमिनार में सम्मिलित छात्रों ने बताया कि सफल छात्रों के अनुभव से उन्हें बहुत प्रेरणा मिली और सकारात्मक दिशा दिखी है। प्रतिभागियों ने इस सेमिनार को बहुत सफल और प्रासंगिक बताया।

संस्थान के निदेशक पारस अग्रवाल, शुभेंदु शेखर और प्रेम प्रसून ने तमाम सफल छात्रो को उनकी सफलता पर बधाई दी और अगामी जीवन के लिए शुभकामनाएं भी दीं।

## खबर एक नजर में

### डीएवी आलोक में योग दिवस का हुआ आयोजन



**रांची।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बुधवार को अरगोड़ा सराय पथ स्थित डीएवी आलोक पब्लिक स्कूल पुंदाग रांची में योग दिवस मनाया गया। इसमें कक्षा नौवीं से बारहवीं तक के छात्र-छात्राओं के साथ ही साथ शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ अशोक कुमार ने दैनिक जीवन में योग के महत्व को बताया। उन्होंने कहा, स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है। योग के माध्यम से हम अपना शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक विकास कर सकते हैं। योग द्वारा आजीवन निरोगी रह सकते हैं।

### पवित्रम आरोग्य चिकित्सा केंद्र का हुआ शुभारंभ

**रांची।** पवित्रम सेवा परिवार के तत्वावधान में विश्व योग दिवस के अवसर पर पुष्य नक्षत्र के पावन संयोग पर पवित्रम सेवा परिवार द्वारा धनबाद में पवित्रम आरोग्य चिकित्सा केन्द्र का शुभारंभ हुआ। जिसमे प्राकृतिक चिकित्सा,पंचगव्य चिकित्सा,एक्यूप्रेशर,मैग्नेटिक थैरेपी, रंग चिकित्सा,सूर्य किरण चिकित्सा,रसाहार तथा भोजन चिकित्सा , योग मुद्रा एवं अन्य भारतीय चिकित्सा पद्धतियों के संयोग से संपूर्ण रुप से चिकित्सा की जाएगी। इसके माध्यम से पुरानी से पुरानी बीमारियों का इलाज प्राकृतिक तरीके से बगैर दवा के किया जाएगा और सिखाया भी जाएगा ताकि हमारे राष्ट्र का प्रत्येक व्यक्ति आरोग्यवान हो। पवित्रम सेवा परिवार पिछले कई वर्षो से संस्थापक अजय भरतिया के नेतृत्व में घायल गोवंश की चिकित्सा,बीमार व बूढ़ी गायों की सेवा,जैविक खेती एवं पंचगव्य उत्पाद बनाने का गांव गांव में नि:शुल्क प्रशिक्षण,पर्यावरण, आयुर्वेद ,पंचगव्य व प्राकृतिक चिकित्सा के प्रचार का कार्य कर रहा है। पवित्रम आरोग्य अभियान के अंतर्गत सुदूर गाँवो में वनवासी बहन भाईयो के लिए नि:शुल्क चिकित्सा शिविर भी लगाए जाते है। पवित्रम पर्यावरण अभियान के अंतर्गत संस्था द्वारा घर- घर आयुर्वेद औषधियों केपौधे लगाने व उसके प्रचार का कार्य किया जा रहा है। संस्था द्वारा बच्चों को भारतीय संस्कृति व संस्कारो से जोड़ने हेतु पवित्रम संस्कार वाटिका कार्यक्रम भी चल रहा है ,देश में गुरुकुल की परंपरा शुरू हो इसके लिए संस्था निरन्तर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि पवित्रम आरोग्य केंद्र झारखंड के अन्य जिलों में भी खोला जाएगा। पवित्रम सेवा परिवार के प्रांतीय प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने यह जानकारी देते हुए बताया कि गुरुवार को बारह वर्ष की आयु के बच्चो को पुष्य नक्षत्र में नि:शुल्क स्वर्ण प्राशन औषधि भी पिलाई गयी।

### फलक फातिमा बनीं पासवा के समारोह की संयोजक

**रांची।** प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन (पासवा) ने 10 जुलाई को होने वाले छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह को सफलतापूर्वक आयोजित करने के लिए स्वयंसेवकों की बैठक की। इसमें समारोह के आयोजन को सफल बनाने पर विस्तृत चर्चा की गयी। एक्टिव वॉलिंटियर्स, पासवा कोर ग्रुप के पदाधिकारी गण एवं निजी विद्यालयों के संचालकों को इस प्रतिभा सम्मान समारोह के सफल आयोजन के लिए जिम्मेदारियां सौंपी गयी। पासवा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने राष्ट्रपति अवार्ड से सम्मानित तथा पासवा की प्रदेश महासचिव फलक फातिमा को इस सम्मान समारोह का संयोजक नियुक्त किया। पासवा के प्रदेश महासचिव नीरज कुमार को सम्मान समारोह का प्रवक्ता नियुक्त किया गया। समारोह 10 जुलाई को हरिवंश टाना भगत इनडोर स्टेडियम, खेलगांव में आयोजित होगा। इसमें मैट्रिक तथा इंटर परीक्षा, सीबीएसई, आईसीएसई तथा जैक बोर्ड में 80% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 15,000 से अधिक बच्चों को सम्मानित किया जायेगा।

### नुक्कड़ नाटक से योग के महत्व को समझाया

**रांची।** संत जेवियर कॉलेज रांची के राष्ट्र सेवा योजना (एन.एस.एस) , और 1/3 कोय एनसीसी ने सेंट जेवियर्स कॉलेज रांची की एनएसएस इकाई ने नुक्कड़ नाटक के द्वारा योग का महत्व समझाया। उसके बाद विश्व पर्यावरण, कृदोत्सव, योगोत्सव आदि विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित करने के लिए मूल्य वितरण समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नबोर लकड़ा ,फादर अजय मिंज, सहायक प्राध्यापक डॉ कमलदीप व एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनिर्बान गुप्ता रहे। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुई। जिसके बाद उन्होंने दर्शकों को योग के महत्व को समझाने और आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के सभी विजेताओं को बधाई देने के लिए संबोधित किया।

## एमिटी यूनिवर्सिटी ने आइसीएफआरइ आइएफपी के साथ किया एमओयू

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** एमिटी यूनिवर्सिटी झारखंड के संस्थापक अध्यक्ष और चांसलर के विजन और मिशन के साथ आगे बढ़ते हुए एमिटी यूनिवर्सिटी झारखंड और भारतीय वानिकी अनुसंधान और शिक्षा परिषद (आइसीएफआरइ) - वन उत्पादकता संस्थान (आइएफपी) के साथ गुरुवार को एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किये। इस समझौता ज्ञापन का उद्देश्य अपनी तरह के पहले प्रयास में वानिकी विज्ञान के क्षेत्र में अकादमिक और अनुसंधान सहयोग को बढ़ावा देना है। यह नवोन्मेषी विस्तार रणनीतियों और क्षमता निर्माण कार्यक्रमों के माध्यम से जनता के लिए अत्याधुनिक तकनीकों का विकास, उन्नयन और प्रसार करेगा। डॉ अशोक के श्रीवास्तव, प्रो वाइस चांसलर, एमिटी यूनिवर्सिटी झारखंड ने इस एमओयू पर हार्दिक बधाई दी है।

एमओयू पर एमिटी यूनिवर्सिटी झारखंड के रजिस्ट्रार प्रभाकर त्रिपाठी और आइसीएफआरइ-आइएफपी के निदेशक डॉ योगेश्वर मिश्रा ने हस्ताक्षर किये। इस अवसर पर निदेशक डॉ विकास मिश्रा, डॉ. अजय महलका, एमिटी यूनिवर्सिटी झारखंड और श्रीमती अंजना सुचिता तिर्की, आइएफएस, डॉ. आदित्य कुमार, आइसीएफआरइ-आइएफपी वैज्ञानिक उपस्थित थे।

बताया गया कि यह एमओयू सहयोगात्मक शिक्षा कार्यक्रम, क्षमता निर्माण और संयुक्त अनुसंधान परियोजनाओं के लिए एमिटी यूनिवर्सिटी झारखंड और आइसीएफआरइ-आइएफपी के लिए अवसर के नये रास्ते खोलेगा, जो वन संसाधनों के वैज्ञानिक और टिकाऊ प्रबंधन को बढ़ावा देगा। एमओयू शैक्षणिक, अनुसंधान और प्रशिक्षण उद्देश्यों के लिए छात्रों के आदान-प्रदान को बढ़ायेगा।

## विभागीय कार्यों में सहायक शिक्षक के हस्तक्षेप पर शिक्षा सचिव गंभीर

**रांची।** सहायक शिक्षक शिक्षा विभाग के कार्यों में हस्तक्षेप करते हैं। कहीं से इसकी सूचना शिक्षा सचिव के रवि कुमार को मिली है। इस सूचना को गंभीरता से लेते हुए शिक्षा सचिव ने रांची जिला शिक्षा पदाधिकारी और दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक से प्रतिवेदन की मांग की है। सचिव ने लिखा है कि पता चला है कि रांची के मध्य विद्यालय, पंडरा के सहायक शिक्षक अशोक कुमार सिंह द्वारा जिला शिक्षा पदाधिकारी के कार्यालय और क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक के कार्यालय के कार्यों में हस्तक्षेप किया जाता है। यदि सारी सूचना सही है तो किसी सहायक शिक्षक द्वारा वरीय पदाधिकारी के कार्यालय के कार्यों में हस्तक्षेप करना गंभीर मसला है। सचिव ने निर्देश दिया है कि सभी मामलों में रिपोर्ट तैयार कर दो दिनों के अंदर प्रतिवेदन उपलब्ध करायें।

## एडीजे मल्लिक ने आइपीएस में प्रोन्नत सरोजनी लकड़ा को किया सम्मानित



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड पुलिस वायरलेस मुख्यालय के सभागार भवन में एडीजी (वायरलेस) आरके मल्लिक ने गुरुवार को सरोजनी लकड़ा को आइपीएस में प्रोन्नत होने पर सम्मानित किया। इस अवसर पर वाइएस रमेश (भा.पु.से.), समादेष्टा, जैप -01, रांची सह प्रभारी पुलिस अधीक्षक (वायरलेस) एवं डॉ. शकील अबिद शम्स, पुलिस उपाधीक्षक (वायरलेस) तथा वायरलेस परिवार के अन्य पदाधिकारी कर्मी उपस्थित थे।

गौरतलब है कि 19 जून को धौलपुर, दिल्ली स्थित संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) के कार्यालय में बोर्ड की हुई बैठक में सरोजनी लकड़ा सहित राज्य के 24 डीएसपी रैंक के पदाधिकारियों को एसपी रैंक में प्रोन्नति देने पर अंतिम रूप से निर्णय लिया गया था।

## बीसीआइ ने एलएलबी पढ़ाई को सरला बिरला विवि को दी मान्यता

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सत्र 2023-24 एवं 2024-25 के लिए है मान्यता**

**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय, रांची को बार काउंसिल ऑफ इंडिया (भारतीय विधिज्ञ परिषद) नयी दिल्ली ने सत्र 2023-24 एवं 2024-25 में बीबीए एलएलबी (ऑनर्स), बीए एलएलबी (ऑनर्स) एवं बीकॉम एलएलबी (ऑनर्स) में पढ़ाई प्रारंभ करने के लिए मान्यता प्रदान की है। ये बातें विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो विजय कुमार सिंह ने बतायी। उन्होंने कहा कि उपरोक्त पाठ्यक्रम में क्रमशः 120, 60 एवं 60 सीटें बीसीआइ ने दी है तथा इसमें इसी सत्र से पढ़ाई प्रारंभ की जायेगी।

बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआइ) द्वारा विश्वविद्यालय को मान्यता प्राप्त होने पर विवि के कुलपति प्रो गोपाल पाठक ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय गुणवत्तापूर्व शिक्षण के लिए दृढ़ संकल्पित है तथा नामांकित छात्रों की पढ़ाई अच्छे ढंग से हो पाये, इसका पूरा-पूरा ध्यान रखा जायेगा। विवि के मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने विश्वविद्यालय को बार काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा मान्यता मिलने पर बीसीआइ नयी दिल्ली को धन्यवाद दिया और कहा है कि नामांकित छात्रों के अध्ययन-अध्यापन की उत्तम व्यवस्था की जायेगी। मान्यता मिलने पर हर्ष व्यक्त करने वालों में डॉ नीलिमा पाठक, प्रो एसबी डांडीन, डॉ संदीप कुमार, प्रो राहुल वत्स, डॉ सुबानी बारा, अजय कुमार, डॉ आरएम झा, प्रवीण कुमार आदि शामिल हैं।

## जिम्मेदारी का पालन करें प्रोन्नत शिक्षक : वीसी

### झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय के 35 शिक्षकों को मिली प्रोन्नति

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयूजे) में गुरुवार को सहायक प्राध्यापक स्तर के 35 शिक्षकों को प्रोन्नति दी गई। इनमें डा. राज बहादुर सिंह, डा. शोमेन डे, डा. कौंचक तासी, डा अपर्णा राज, डा कैलसंग वांग्मो, डॉ रामाकृष्णन, डॉ कोयरंग, डॉ रजनीकांत पांडेय, डॉ सीमा ममता मिंज, डॉ राजेश कुमार, डॉ अभिजीत घोष, डॉ विनीत अगोतीया, डॉ राजश्री पाढी, डॉ अशोक, डॉ एएस भप्ताचार्य, डॉ लॉरेंस, डॉ प्रवीर पाढी, डॉ प्रतिभा, डॉ बीरेंद्र भारती, डॉ पूर्वी शाक्या, डॉ कुलदीप बैद्य, डॉ अमित कुमार, डॉ बासुदेव, डॉ सचिन, डॉ प्रदीप परिदा, डॉ ऋषिकेश महतो, डॉ जीतेंद्र कुमार, डॉ नितेश भाटिया, डॉ नागापवन, डॉ संहिता, डॉ प्रवीण शर्मा, डॉ अनिल कुमार, डॉ राजकिशोर मिश्रा, डॉ हिना फिरदौस, सिमोन सांग्मा शामिल हैं। इस अवसर पर कुलपति प्रो केबी दास ने सभी शिक्षकों को प्रोन्नति पत्र प्रदान किया।

मौके पर वीसी ने कहा कि प्रोन्नति आपका अधिकार है। इसे समय पर मिलना चाहिये, लेकिन इसके साथ-साथ आपको अपनी जिम्मेदारी व कर्तव्यों का हमेशा पालन करना चाहिये। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में विश्वविद्यालय के समक्ष कई चुनौतियां हैं, जिसके समाधान के लिए आपको तत्पर होकर आगे आना होगा। इस अवसर पर आईक्यूएसी निदेशक प्रो रतन कुमार डे ने कहा कि प्रोन्नत कार्य को पारदर्शिता के साथ पूरा करने में आईक्यूएसी विभाग को काफी मेहनत करनी पड़ी। लेकिन आज चेहरों पर मुस्कान देख वे काफी गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। बताया कि आने वाले समय में यह प्रक्रिया त्वरित गति से जारी रहेगी। कार्यक्रम में कुलसचिव प्रो मनोज कुमार, प्रो केबी पांडा, ओएसडी डॉ जेएन नायक सहित सभी स्कूलों के डीन व हेड मौजूद थे।

## 21 वर्ष से कम उम्र के लोगों को शराब परोसे जाने के खिलाफ हो कार्रवाई : तिवारी

**रांची।** झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य उज्ज्वल तिवारी ने गुरुवार को उत्पाद आयुक्त, रांची से मुलाकात कर पत्र सौंपा। पत्र के जरिये श्री तिवारी ने बीते 17 जून को कांके रिसोर्ट में आयोजित इवेंट कार्यक्रम में 21 वर्ष से कम उम्र के वयस्कों को शराब परोसे जाने के संबंध में पत्र देकर अवगत कराया। उन्होंने संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य उज्ज्वल तिवारी ने पत्र के माध्यम से उत्पाद आयुक्त को बताया कि कांके रिसार्ट, कांके, रांची में 17 जून 2023 को ब्लू स्टोन कंपनी द्वारा आयोजित संगीत कार्यक्रम में 21 वर्ष से कम उम्र के वयस्कों को शराब परोसे जाने की सूचना उन्हें मिली। कार्यक्रम में शराब परोसे जाने को लेकर ही दो पक्षों के बीच मारपीट होने की भी सूचना मिली है।


## NOTICE

Exh no. 17
Adv. K.M. Shinde,
Advocate Niphad District Court Compound, Niphad

M.A.C.P.No. 25/2017

**IN THE COURT OF HON'BLE MOTOR ACCIDENT CLAIMS TRIBUNAL. AT NIPHAD**

District Judge-2 And Addl. Session Judge, Shri. B.D. Pawar Saheb Niphad

**Shivaji Sudhakar Nikam (Applicant)**

**v/s**

**Mohammad Iqbal Harun (Opponent)**
& Others.

**Address-** P.B.Road, Himalay Tata Jugsalai, Dist.Jamshedpur State. Jharkhand.

The applicant severly injured in an accident on 22/12/2010 because of rash and negligent driving of driver of TATA vehicle Chesis No.3118 and registration No. JH 05 AP 9910 within the limits of Chandwad Police Station. Therefore they have filed a claim for compensation against owner of said vehicle i.e., Opp. No. 1 and Opp. No. 2 is the insurance company.

Inspite of sending notices again & again through court and also through RPAD the OPP. NO. 1 has failed to remain present before this Hon'ble Court. The last known address of Opp No. 1 to the applicant is mentioned above.

Therefore you i.e., Opp. No. 1 is hereby directed to remain present before this Hon'ble Court on either personally or through advocate on 10 /08/2023 at 10.30 am otherwise the matter would be heard ex-parte.

Given by my sign & seal on 21/ 06/2023

**Superintendent**
**Dist. & Session Court Niphad**

स्पीड न्यूज

## बस ने बाइक सवार को रौंदा, मौके पर ही मौत

अनगड़ा। रांची पुरुलिया सड़क पर पलू होटल के समीप एक बस ने एक टीवीएस चालक को कुचल दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई । मृतक अजय मुन्डा 30 वर्ष कुसुम टोली अनगड़ा का रहने वाला था वह गोन्दली पोखर साप्ताहिक हाट से एक अन्य व्यक्ति को अपने टीवीएस मोपेड में बैठाकर अपना घर लौट रहा था। इसी बीच अनगड़ा थाना से करीब 400 मीटर की दूरी पर सिल्ली की ओर रांची की ओर जा रही बस के चपेट में आ गया जबकि टीवीएस मे सवार एक अन्य व्यक्ति बस से टकराने के बाद छिटकर दूर गिर गया और वह बाल बाल बच गया बाद मे बस चालक वहां से बस को भगा कर कस्तूरबा बालिका विद्यालय के पास बस को रोक कर चालक फरार हो गया अनगड़ा पुलिस ने शव को अपने कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम हेतु रिम्स भेज दिया जबकि पुलिस ने जब्त कर लिया है ।

## मोबाईल चोरी करते रंगे हाथ पकड़ाया

अनगड़ा। गोन्दली पोखर साप्ताहिक हाट में इन दिनो मोबाईल फोन चोरों का आतंक बढ गया है। प्रत्येक हाट के दिन मोबाईल चोर दो तीन मोबाईल सेट पर हांथ साफ करते हैं गुरुवार को एक दस बारह साल के लड़के ने सिद्दीक अन्सारी का मोबाईल फोन पर हांच साफ करते हुए रंगे हांथ पकड़ा गया। इससे पूर्व साकीर खान सहित कई लोगों के मोबाईल सेट बजार से ही हांथ साफ कर चुके हैं। पकडे गए लड़के को लफड़ थप्पड़ लगाने के बाद उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया। अधिकांश मोबाईल चोर दस बारह वर्ष के बच्चे होते हैं' ये लोग अब तक दर्जन भर से भी अधिक मोबाईल की चोरी कर चुके हैं।

## सड़क दुघर्टना में व्यक्ति युवक की मौत

चान्हो। बीजुपाड़ा खलारी मुख्यपथ पर स्थित कमाती गांव के निकट बुधवार रात हुए सड़क दुघर्टना में घायल व्यक्ति का रिम्स जाने के दौरान मौत हो गयी। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के चोरेया निवासी छेयालिस वर्षीय सूरज देव के रूप में की गयी। बताया जाता है कि सूरजदेव बुधवार की शाम को अकेले ही खलारी से बाइक से अपने गांव वापस जा रहा था, इसी क्रम में उसकी बाइक कमाती गांव के निकट सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गयी। इस हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। चान्हो सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद उसे रिम्स रेफर किया गया था, पर रिम्स पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई। मृतक का रिम्स में पोस्मार्टम के पश्चात उनके पैतृक गांव चोरेया में गुरूवार को अंतिम संस्कार किया गया।

## स्वास्थ्य केंद्र का हुआ शिलान्यास



पिठोरिया। कांके प्रखंड के इचापीड़ी पंचायत के पिरुटोला के पुराने पंचायत भवन में झारखंड सरकार पीएम – एसबीएचएआईएम योजना अंतर्गत स्वास्थ्य केंद्र निर्माण का शिलान्यास माननीय सांसद रांची संजय सेठ और कांके विधायक समरी लाल के कर कमलों द्वारा किया गया। मौके पर प्रदेश मंत्री भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के पूर्व प्रत्याशी कांके विधानसभा क्षेत्र के कमलेश राम, जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिति सदस्य ऐनुल हक अंसारी, समाजसेवी फिरदौस आलम, उप मुखिया रामलगन महली,सफीउल्लाह अंसारी , इमरान अंसारी एवं सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे। शिलान्यास होने से स्थानीय ग्रामीणों बहुत खुशी हैं।

## बारिश के बाद घंटो बाधित रही विद्युत आपूर्ति

पिपरवार। सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाकों में गुरुवार की देर शाम को हुई जोरदार बारिश से क्षेत्र के आवासीय कॉलोनी सहित ग्रामीण इलाकों में विद्युत आपूर्ति पूरी तरह से ठप हो गई। तेज हवाओं और बारिश के बाद यहां का मौसम काफी सुहावना हो गया।वहीं क्षेत्र के आवासीय कालोनी सहित ग्रामीण इलाकों में विद्युत आपूर्ति पूरी तरह से बाधित हो गई।

# मोबाइल से खुलेगा दिनेश की मौत का राज

खबर मन्त्र संवाददाता



मृतक दिनश मुंडा का फाइल फोटो

ओरमांझी। थाना क्षेत्र के पुराना टोली निवासी 22 वर्षीय युवक दिनेश मुंडा की मौत का पूरा राज घटना स्थल पर मिले मोबाइल से खुलने की संभावना है। बुधवार को दिनश मुंडा का शव एक नवनिर्मित रूम में फांसी पर झुलता मिला था। उस वक्त मृतक के पिता रमश मुंडा व भाई दीपक मुंडा द्वारा जमीन विवाद में हत्या किए जाने की संभाना जताई गई थी। वहीं घटना से आक्रोशित ग्रामीणों द्वारा सड़क भी जाम किया गया था। ओरमांझी थाना पुलिस ने दो दिन में मामले का पदार्फास करने व कानूनी कार्रवायी करने का आश्वासन दिया गया था। अब पुलिस जांच में प्रेम प्रसंग में दिनश की मौत होने बात सामने आ रही है। बताया गया कि घटना स्थल पर मिली मोबाइल पिठोरिया थाना क्षेत्र की एक युवती की है। जिसे ओरमांझी थाना पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर थाने में पुछताक्ष की जा रही है। युवती ने भी दिनश से प्रेम संबंध को स्वीकारते हुए पुलिस को बताई है कि जगरन्नाथपुर रथमेला दोनो साथ घुमे थें। देर शाम को दिनश युवती को घर पहुंचाने के लिए अपने बाइक में बैठाया और नवनिर्मित भवन में ले गया। वहां पर दिनश ने युवती से प्रेम संबंध बनाने प्रस्ताव रखा, लेकिन युवती ने स्वीकार नही किया। प्रस्ताव नही स्वीकारने पर दोनो में विवाद भी हुआ था। जिससे नाराज दिनेश ने आत्महत्या करने की धमकी देते हुए फांसी में झुल गया। जिससे दिनश की मौके पर ही मौत हो गई। अचानक हुई इस घटना से युवती घबरा गई और वह भाग गई। भागने के दौरान उसका मोबाइल घटना स्थल पर ही छुट गया था। इसकी पुष्टि ओरमांझी थाना प्रभारी राजीव कुमार सिंह ने करते हुए बाया कि फिलहाल युवती से पुछताक्ष की जा रही है। शुरूवाती पुछताक्ष से प्रतित होता है कि युवक की हत्या नही उसने आत्महत्या की है।

दोस्त के घर आने जाने में हुआ था प्रेम- दिनेश मुंडा का युवती के साथ परिचय अपने एक दोस्त के घर चरदी आने-जाने के दौरान हुई थी। इसकी जानकरी युवती ने पुलिस को दी और बताया कि वह बेंगलोर में सिलाई फैक्ट्री में कार्य करने चली गई थी। दिनेश ने ही रांची में नौकरी करने की जिद कर बेंगलोर से बुलवाया था। रथमेला के दिन दिनश घर से दो हेल्मेट लेकर निकला था। घटना स्थल से पुलिस ने दो हेल्मेट भी बरामद की थी। वह युवती को लेकर खेलगांव कपड़ा फैक्ट्री में नौकरी लगाने के लिए ले गया था। वहां से दोनो मेला घुमने गए थें। दोनो में विवाद होने के बाद रात तीन बजे के करीब युवक ने आत्महत्या कर लिया था। घटना के बाद युवती भाग कर अपने फुआघर कुंहरिया चली गई। घटना की जानकारी होने के बाद युवती को उसके नानी घर चितरपुर भेज दिया गया था। जहां से

# हुटाप पंचायत भवन से लाखों रुपये का सामान चोरी गया

खबर मन्त्र संवाददाता



हुटाप पंचायत सचिवालय

खलारी। मैकलुस्कीगंज थाना क्षेत्र के हुटाप पंचायत भवन से लाखों रुपये का सामान की चोरी, मुखिया ने थाना में लिखित आवेदन देकर घटना की जानकरी दी। मिली जानकारी के अनुसार हुटाप पंचायत भवन से लाखों रुपये का इलेक्ट्रॉनिक समान की चोरी का घटना का अंजाम बीती रात्रि अज्ञात चोरों के द्वारा दिया गया। बताया जाता है कि अज्ञात चोर पंचायत भवन का खिड़की के रॉड काटकर घुसे थे। उसके बाद रात्रि में पंचायत भवन में लगे छः पंखा, सीसीटीवी का हार्डडिस्क, इनवर्टर बैटरी, महिला समूह सदस्यों का रजिस्टर अथवा दो दर्री सहित अन्य चोरी कर चलते बने। वही पंचायत भवन में लगे सीसीटीवी कैमरा को क्षतिग्रस्त कर दिया गया। चोरी की घटना के संबंध पंचायत के मुखिया ने बताया कि सुबह के समय ग्रामीणों ने सूचना दिया। उसके बाद पंचायत भवन का गेट खोलकर देखा गया तो पता चला कि भवन में लगे कई उपकरण चोरी कर ले उड़े चोर।

## घर का उड़ा एस्बेस्ट्स, रहने को दिक्कत



बेड़ो के पहाड़कंडरिया गांव में आंधी से उड़ा एतवा उरांव का घर

खबर मन्त्र संवाददाता

बेड़ो। बेड़ो प्रखंड के नरकोपी थाना क्षेत्र के पहाड़कंडरिया गांव में बुधवार की अपराह्न लगभग चार बजे दिन में वर्षा के साथ आई तेज आंधी ने ऐसा कहर बरपाया कि एतवा उरांव पिता स्व बंधु उरांव के पूरे घर का एस्बेस्टस उड़ गया। वही घर के समीप लगा बिजली का पोल भी आंगन में गिर गया है। वही पीड़ित परिवार के पास रहने के लिए कोई भी घर नहीं बचा है। पूरा घर क्षतिग्रस्त हो गया और घर में रखे कपड़े व घरेलू समान बर्बाद हो गए। घर का एस्बेस्टस उड़ जाने से बरसात में परिवार को रहने की भारी दिक्कत हो गया हैं। एतवा ने बताया अचानक से आयी आंधी पलभर में सब कुछ बर्बाद कर के चला गया। इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद पंचायत की मुखिया सुनीता सोरेन व पूर्व मुखिया नेल्सन कुजुर पहुंचे। उन्होंने कहा आंधी ने इन्हें बेघर कर दिया है। इन्हें रहने के लिए बहुत मुश्किल हो गया है। उन्होंने प्रखंड प्रशासन से अविलंब मुआवजे देने की मांग की है।

## इतिहास दोहरायेगी आजसू पार्टी : भरत कांसी

खबर मन्त्र संवाददाता



इन्हें मिला सम्मान

लाल प्रेम प्रकाश नाथ शाहदेव, आजम अंसारी, मंजुर आलम, सपोर तिग्गा, राजाराम महतो, बंधु उरांव, मनोहर उरांव, पांडू उरांव, अरविंद भगत,अनिल महतो, त्रिलोकी महतो तथा मरणोपरांत, लोहरदगा के पूर्व विधायक कमल किशोर भगत, स्व प्रो प्रवीण उरांव, स्व बिरेंद्र भगत, स्व राजकिशोर लोहरा, स्व सुखदेव गोप व स्व धनेश्वर भगत आदि।

रातू। आजसू ने गुरुवार को 37वां स्थापना पर संकल्प दिवस मनाया। लालगुटवा स्थित बैंक्वेट मैरेज हॉल में आयोजित हटिया विधान सभा स्तरीय कार्यकर्त्ता सम्मेलन में प्रभारी भरत कांसी बतौर मुख्य अतिथि थे। श्री कांसी ने राज्य सरकार पर निशाना साधा। बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और विकास की धीमी गति के लिये मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को दोषी ठहराया। विधि-व्यवस्था पर भी सवाल खड़े किये। उन्होंने हटिया में इतिहास दोहराने जाने का दावा किया। कांसी ने झारखंड आंदोलन कारियों को शॉल भेंट की। इससे कार्यकर्त्ता उत्साहित नजर आये। शुरूआत पार्टी के स्वर्गीय नेताओं को श्रद्धांजलि देकर की गयी। सम्मेलन में जिला परिषद अध्यक्ष निर्मला भगत, लाल प्रेम प्रकाश नाथ शाहदेव, आजम अंसारी, मंजुर आलम, बंधु उरांव, पांडू उरांव, मनोहर उरांव, त्रिलोकी महतो, इरफान अंसारी, अनिल महतो, राजीव रंजन मिश्र, त्रिपुरारी महतो, कुलदीप साहू, कमलेश आर्या व विशाल साहू ने भी अपनी बातें रखी। अध्यक्षता सपोर तिग्गा ने की, जबकि संचालन अरविंद भगत ने किया। कार्यक्रम में लीला तिर्की, मीना कच्छप, सरिता देवी, सलगी उरांव, पुतुल भगत, सोनामती मुंडा, आशा कच्छप, विवेक सिंह, मीना गाड़ी, आरती देवी, वीणा सिंह, बबीता देवी, सुरो मुंडा, मीना तिग्गा, सुनीता सिंह, मुन्नी देवी,पुनम देवी, अन्नु देवी, सोनी तिर्की, शोभा तिर्की, संगीता देवी, किशन कांसी, जितेंद्र कांसी, हेमंत बड़ाईक, पुरन कांसी, संजय तिर्की, दिनेश बैठा, रोहित तिवारी, प्रवीण कुमार,योगेंद्र महली, संदीप प्रजापति आदि शामिल थें।

एक नजर में

## बकरीद को लेकर सोनाहातू थाना में शांति समिति की बैठक



सोनाहातू। थाना परिसर में प्रभारी सतीश वर्णवाल के अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में बकरीद पर्व को शांति,भाईचारे ओर उल्लास से मनाने का निर्णय लिया गया। थाना प्रभारी ने विधि व्यवस्था में उत्पन्न होने वाले विषयों पर चर्चा किये।अफवाह से उत्पन्न होने वाले स्थिति को निपटने पर चर्चा हुआ। अफवाह के लिये व्हाट्सएप ग्रुप पर निगरानी रखने को कहा गया। मौके पर एएसआई दलगोबिंद महतो,सीआई,पंसस रुप कुमार साहू,दिलीप कोईरी,जाकिर खान,जफर खान,परवेज खान,सुषेन लोहरा,रसोराज महतो,प्रकाश महतो,सहोदर महतो आदि मौजूद थे।

## तैलिक साहु सभा ने सुलझाये सामाजिक मामले

रातू। झारखंड तैलिक साहू महासभा प्रदेश इकाई की ओर से गुरुवार को पारिवारिक विवाद का निपटारा करते हुये पीड़िता रेणु देवी को उसके ससुराल बुढ़मू भेज दिया गया। वह सालहन निवासी रामू साहू की पुत्री है। लड़का सकलदीप साहू के बड़े भाई बबलू साहू ने भविष्य में इसकी पुनरावृति नहीं होने देने का भरोसा दिलाया। शादी के उपरांत, रेणु और सकलदीप वर्षों से अलग रह रहे थे। दोनों के परिजनों ने इसकी शिकायत महासभा के अध्यक्ष महेश महतो से की थी। श्री महतो की पहल पर उन्हीं के आवास में बैठक हुयी। दोनों पक्षो को सुनने के बाद पति-पत्नी के बीच ऊपजे विवाद को सुलझाने में सफलता मिली। मौके पर प्रदेश महासचिव मदन कुमार, प्रदेश युवा अध्यक्ष दिलीप साहू, लड़की के पिता रामू साहू, लड़के के बड़े भाई बबलू साहू, ओम समाज के साधुराम साहु, रमेश साहू, कपिल साहु, छबेस्वर साहु, लगनु साहु व संजय उरांव आदि मौजूद थे।

## अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस पर प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का होगा आयोजन

पिपरवार। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के मौके पर बचरा स्थित चार नंबर खेल मैदान में आज शुक्रवार को प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। चतरा ओलंपिक एसोसिएशन एवं गणेश स्पोर्टिंग क्लब राय के तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के संबंध में गणेश स्पोर्टिंग क्लब राय के सचिव गणेश महतो ने बताया कि प्रतियोगिता की सभी तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई है। इस प्रतियोगिता मे स्कूल, कॉलेज, क्लब एवं ग्रामीण एथलेटिक्स खिलाड़ी शामिल हो रहे है। इस प्रतियोगिता मे जुनियर एवं सीनियर बालक एवं बालिका आयु वर्ग के खिलाड़ी शामिल हो रहे है। इस प्रतियोगिता मे बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियो को जिला स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता मे शामिल होने का अवसर मिलेगा। इस प्रतियोगिता मे शामिल होने वाले खिलाड़ियो को अपना आधार कार्ड, स्कूल से प्रमाणित पत्र, स्कूल का झंडा, लंच बॉक्स, पानी बोतल लाना अनिवार्य है। सभी खिलाड़ियों को स्पोर्ट्स से जुड़ा युनिफोर्म पहनकर आना अनिवार्य है। इस प्रतियोगिता का उद्घाटन मार्चपास्ट से किया जाएगा। इसके लिए अपना स्कूल का झंडा लाना अनिवार्य है। जुनियर एवं सीनियर बालक एवं बालिका आयु वर्ग का इवेंट 100 मीटर, 600 मीटर, 1600 मीटर दौड, गोला फेक, चक्का फेक का आयोजन होगा।

## सोनाहातू में स्कूल रुआर ,बैक टू स्कूल कैंपेन का हुआ शुभारंभ

सोनाहातू। प्रखंड सभागार में शिक्षा विभाग के द्वारा स्कूल रुआर 2023 बैक टू स्कूल कैम्पेन का कार्यशाला का शुभारंभ बीडीओ सुचित्रा मिंज के अध्यक्षता में हुआ।15 जुलाई तक चलने वाला इस अभियान में 6 से 18 वर्ष के बच्चों को स्कूल से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है।इस दौरान घर घर सर्वे कर ड्रॉप आउट बच्चों की जानकारी जुटाई जायेगी ओर उन्हें पुनः स्कूल में नामांकन कराया जायेगा। पूरे अभियान में शतप्रतिशत नामांकन करा कर शिक्षा के दिशा में बेहतर प्रयास किया जायेगा।इस अभियान में मुखिया,पंचायत समिति सदस्य, जनप्रतिनिधियों ओर शैक्षणिक कर्मी के सहयोग लिया जायेगा। मौके पर प्रमुख विक्टोरिया देवी,उप प्रमुख सबिता देवी, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी कमलकांत झा,सभी मुख्य,पंचायत समिति सदस्य ,शिक्षकगण आदि मौजूद थे।

## बिजली तार की चपेट में आने से दो गाय की मौत

बेड़ो। बेड़ो प्रखंड के दरशिला मसियातु गांव में गुरूवार के लगभग 11 बजे बिजली तार के चपेट में आने से किसान प्रदीप भगत पिता स्व खुदी भगत के दो दुधारू गाय की मौत हो गई। बुधवार की शाम आये आंधी तुफान से देशवाली चौरा में बिजली तार टुट कर जमीन में बिखर गया था। गुरुवार को प्रदीप के भाई संदीप भगत 7-8 गाय को चराने के लिए खेत तरफ ले जा रहा था। तभी जमीन में बिखरे तार जिसमें की बिजली का करेंट प्रवाहित थी, जहां दो गाय तार की चपेट में आ गई। जिससे बिजली के चपेट में आने से दोनो गायों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इधर दो गायों की अचानक मौत से किसान प्रदीप को आर्थिक क्षति का सामना करना पड़ा है। उन्होने प्रखंड़ प्रशासन से मुआवजा की मांग किया है।

# खाताधारियों की आर्थिक सुरक्षा को मजबूत बनाने के प्रति एसबीआइ कृतसंकल्प : महाप्रबंधक

खबर मन्त्र संवाददाता



बेड़ो में एसबीआई के मुख्य महाप्रबंधक शिव ओम दीक्षित स्वीकृति पत्र देते हुए

बेड़ो। खाता धारियों ने भारतीय स्टेट बैंक को मुकाम पर पहुंचाया। टॉप टेन में इसकी गणना होती है। खाता धारियों की सामाजिक व आर्थिक सुरक्षा कवच को मजबूत बनाने के प्रति एसबीआई कृतसंकल्प है। देश में वित्तीय समावेशन की आवश्यकता है। उक्त बातें एसबीआई के मुख्य महाप्रबंधक शिव ओम दीक्षित ने कहीं। वे एसबीआई के तत्वावधान में गुरुवार को विवाह मंडप बेड़ो के सभागार में आयोजित किसान संपर्क सह वित्तीय समावेशन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने संयुक्त रूप से दीप जलाकर समारोह का उद्घाटन किया। समारोह में नागपुरी कलाकारों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि भारत सरकार के निदेर्शों के अनुसार एसबीआई बैंकिंग सुविधा के लिए कटिबद्ध है। समारोह में बैंक द्वारा कृषि ऋण, मुद्रा ऋण, स्टैंड अप इंडिया, अटल पेंशन योजना, प्रधान मंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना व प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के बारे में ग्रामीणों व खाताधारियों को विस्तृत जानकारी दी गई। वहीं समारोह में स्टेट बैंक के मुख्य महाप्रबंधक शिव ओम दीक्षित द्वारा उपरोक्त योजना अंतर्गत विभिन्न लाभुकों के बीच स्वीकृति पत्र तथा सर्टिफिकेट का वितरण किया गया। उन्होंने बैंक को शिखर तक पहुंचाने में खाताधारियों की काफी सराहना किया। साथ ही आम लोगों से मानव जीवन के सामाजिक व आर्थिक सुरक्षा कवच को मजबूत बनाने के लिए बैंक में खाता खोलने की अपील किया। समारोह का संचालन सुमित वर्मा व धन्यवाद ज्ञापन क्षेत्रीय प्रबंधक आलोक रंजन ने किया। समारोह को सफल बनाने में एसबीआई के पदाधिकारियों व कर्मचारियों ने सराहनीय योगदान दिया।

मौके पर मौजूद लोग

मौके पर उप महाप्रबंधक देवेश मित्तल,शाखा प्रबंधक बेड़ो रोबिन बी कुजूर, सीओ सुमंत तिर्की, सांसद प्रतिनिधि राकेश भगत, धनंजय कुमार राय, अंचल निरीक्षक भीखम कुमार, प्रमुख विनीता कच्छप,उपप्रमुख मोददसिर हक,मुखिया सुशांति भगत, लक्ष्मी कोया, सुनील कच्छप दीपक मेहरा अर्चित गुप्ता आदि मौजूद थे।

## झारखंड के भविष्य को सुंदर बनाने का संकल्प लें आजसू कार्यकता: सुदेश

खबर मन्त्र संवाददाता



अनगड़ा। आजसू पार्टी ने अनगड़ा के मिलन चौक मे स्थापना दिवस को संकल्प दिवस के रूप में मनाया। स्थापना दिवस के मुख्य अतिथि आजसू पार्टी सुप्रीमो और पूर्व टीप्टी सीएम सुदेश कुमार महतो ने कहा कि आज का दिन आजसू के लिए काफी अहम है उन्होंने कहा कि झारखंड आन्दोलनकारियों का तप त्याग और वलिदान को मान सम्मान देने तथा झारखंड के वर्तमान को सवारने तथा भविष्य को सुन्दर बनाने का और झारखंड को विश्व के मानचित्र मे लाने के लिए संकल्प लेने का दिन है।

स्थापना दिवस समारोह को खिजरी के पूर्व पत्याशी पारसनाथ उरांव जलनाथ चौधरी राजेन्द्र शाही मुन्डा रामधन बेदिया रौशन मुन्डा उप प्रमुख बीणा देवी प्रकाश लकड़ा नेभी सम्बोधित किया समारोह मे मुख्य रूप से राजू नायक वीरेन्द्र सिंह भोक्ता जगरनाथ महतो अजीत महतो सज्जाद खान जितेन्द्र सिंह राजकिशोर महतो प्रकाश महतो किशुन महतो अर्जून महतो राजू उरांव सुरेन्द्र महतो गणेश उरांव जयराम बेदिया किशोर पहान योगेन्द्र महतो मोहन महतो सरस्वती देवी माला देवी सरीता देवी मुन्नी देवी वकील महतो राजेन्द्र महतो दिलीप पहान मुंशी देवी काशीनाथ महतो अनिता देवी तंजना देवी सुशीला देवी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## चान्हो में भाजपा कार्यालय का उद्घाटन



चान्हो। भाजपा के पार्टी कार्यालय का उद्घाटन गुरुवार को चान्हो में ग्रामीण जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पार्टी के युवा नेता सन्नी टोप्पो ने कहा कि पार्टी कार्यालय के खुलने से संगठन के कार्यों को एक निश्चित स्थान में बैठकर पूरा करने में सहूलियत होगी। कार्यकर्ता इसे महज कार्यालय नही समझें, इस स्थान से हर जरूरतमंद के समस्या का समाधान होना चाहिए। इस अवसर पर मोदी सरकार के नौ साल पूरा होने पर 30 मई से 30 जून तक चलने वाले महा जनसंपर्क अभियान का शुभारंभ भी किया गया। रघुनाथपुर पंचायत के दो परिवारों से मिलकर केंद्र सरकार की उपलब्धियों से अवगत कराया। साथ ही सन्नी ने कहा कि आज देश में विकास की बात हो या फिर विदेश नीति की बात हो, हर जगह मोदी सरकार अव्वल रही है। मौके पर पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, चंदन गुप्ता, अविनाश गुप्ता, रमेश साहू, कैलाश गुप्ता, लवनाथ साही, सालिक पांडे, जगराम आदि मौजूद थे।

# भाजपा ओबीसी मोर्चा खलारी मंडल की कार्यसमिति बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा

खबर मन्त्र संवाददाता



खलारी। भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा खलारी मंडल की कार्यसमिति बैठक मंडल अध्यक्ष मिथलेश प्रजापति की अध्यक्षता में गुरुवार को चुरी मध्य पंचायत सचिवालय में किया गया। कार्यसमिति की बैठक में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा खलारी मंडल अध्यक्ष शैलेन्द्र शर्मा एवं विशिष्ट अतिथि जिला परिषद सदस्य सरस्वती देवी उपस्थित हुए। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि श्री शर्मा के द्वारा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पं. दीनदयाल उपाध्याय के छाया चित्र के समक्ष दीप, धूप प्रज्वलित कर एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। बैठक में वर्तमान में झारखण्ड सरकार की ओबीसी विरोधी गतिविधियों, आनेवाले चुनाव एवं ओबीसी वर्ग के सर्वमुखी विकास के अलावे अन्य विंदुओं पर चर्चा किया गया। चर्चा में विस्तृत जानकारी देते हुए मंडल अध्यक्ष ने भाजपा के मूल सिद्धांतों एवं नीतियों पर प्रकाश डालते हुए केंद्र सरकार की अब तक कि उपलब्धियों पर जानकारी दी। वहीं ओबीसी आयोग, इंसोरेंस, राजनीतिक, समाजिक, व्यवहारिक एवं संगठनात्मक शक्ति आदि विषयों पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने व्यवहारिक सम्बन्धों, सदस्यों की उपस्थिति, अनुशासन, सदस्यता बढ़ाने, पार्टी की उपलब्धि एवं योजनाओं की जानकारी जन जन तक पहुंचाने आदि विषयों पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि ओबीसी वर्ग बहुत बड़ा और विस्तृत वर्ग है, किसी भी राजनीतिक पार्टी की दशा एवं दिशा तैयार करने में अहम योगदान होता है। परंतु ओबीसी वर्ग जातियों में विभक्त है। हमें सभी को एक साथ लेकर चलना है। जिला परिसद ने कहा कि झारखंड सरकार ओबीसी आरक्षण लागू किए बिना त्रिस्तरीय चुनाव करा कर ओबीसी को प्रतिनिधित्व से वंचित रखा अध्यक्षीय भाषण मिथलेश प्रजापति, मंच संचालन भोलानाथ चौहान तथा धन्यवाद ज्ञापन रितेश केसरी ने किया। इस दौरान दिनेश प्रसाद सोनी, बीएन चौहान, रामचन्द्र शर्मा, शिवरतन कुमार ठाकुर, रविभूषण सिंह, उपेन्द्र यादव, प्रमोद प्रजापति, ओम प्रकाश ठाकुर, प्रदीप ठाकुर, प्रकाश कुमार के अलावे अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## जुबली पार्क में महिलाओं ने किया योग का अभ्यास



**जमशेदपुर।** सामाजिक संस्था जेसीआई जमशेदपुर पहचान की ओर से अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर जुबली पार्क में योग का अभ्यास किया गया। योग प्रशिक्षक अमितेश कुमार सिंह ने योग का अभ्यास कराया। साथ ही कहा कि योग का अभ्यास शांत वातावरण में आराम के साथ शरीर एवं मन को शिथिल करके किया जाना चाहिए। उन्होंने शरीर और मन, दोनों को स्वस्थ और फिट बनाए रखने के लिए रोजाना 30 मिनट तक नियमित रूप से योगासनों के अभ्यास की सलाह दी। इस अवसर पर प्रमुख रूप से कविता धूत, संगीता काबरा, चांदनी, मोनिका, किरण, पूजा, मंजू, अंजू मोदी, बीना देबुका आदि सदस्य उपस्थित थे।

## पतंजलि योग ने बीपीएम बर्मामाइंस स्कूल में कराया योगाभ्यास




**जमशेदपुर।** गत 21 जून को पतंजलि योग परिवार द्वारा 9वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पूरे उत्साह और हर्ष के साथ सी एम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस बी पी एम बमामाइंस में मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला शिक्षा पदाधिकारी निर्मला बरेलिया, विशिष्ट अतिथि भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रामबाबू तिवारी, जमशेदपुर साइबर क्राइम पुलिस उपाधीक्षक जय श्री कुजूर, सुप्रसिद्ध वैद्य डॉ मनीष डूडिया द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में बी पी एम स्कूल बमार्माइंस, सिस्टर निवेदिता स्कूल, खालसा उच्च एवम् मध्य विद्यालय, लक्ष्मीनगर सामुदायिक मध्य विद्यालय और हंसराज गोयल स्कूल के लगभग 1200 बच्चों के अलावा सैकड़ों की संख्या में योग साधक उपस्थित थे। मंच संचालन भारत स्वाभिमान के जिला प्रभारी अजय कुमार झा ने किया। युवा योग प्रशिक्षक रविनंदन और वरिष्ठ योग शिक्षक रामलाल भारती ने मंच पर योग का प्रदर्शन किया। मुख्य कार्यक्रम के अलावा पतंजलि परिवार से संबद्ध योग शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा शहर के विभिन्न संस्थानों द्वारा आयोजित योग दिवस कार्यक्रमों का संचालन किया गया जिसमें परमहंस लक्ष्मी नाथ गोस्वामी मंदिर बिस्टुपुर, टेल्को रिक्रिएशन क्लब, टाटा मोटर्स हेल्थ सेंटर, इंडियन स्टील एंड वायर प्रोडक्ट्स लिमिटेड जमशेदपुर, रामकृष्ण मिशन हाई स्कूल टेल्को, लक्ष्मी नगर सामुदायिक मध्य विद्यालय साउथ ईस्टर्न रेलवे लोको पायलट रेस्ट रूम टाटानगर, कामधेनु इनक्लेव टेल्को, विश्व हिंदू शक्ति परिषद आम बगान टेल्को, न्यू साईं मंदिर छोटा गोविंदपुर, रिवर व्यू एनक्लेव टेल्को, जमशेदपुर विश्वकर्मा समाज यूनानी औषधालय कुमरूम बस्ती मानगो, पुलिस लाइन गोलमुरी, ए पी एन हाई स्कूल छोटा गोविंदपुर, आदित्यपुर नगर निगम गुड़िया मैदान बिरसनगर, पश्चिमी विधानसभा क्षेत्र मानगो प्रमुख थे।

## मानव सेवा माधव सेवा का चलंत सेवा शिविर दे रहा था जल संरक्षण का संदेश



**जमशेदपुर।** बिष्टुपुर में गत 20 जून को श्रीश्री जगरनाथ रथ यात्रा के दौरान मानव सेवा माधव सेवा समूह की ओर से जुलूस में चल रहा चलंत सेवा शिविर सह जागरूकता शिविर श्रद्धालुओं के बीच आकर्षण का केंद्र रहा। समूह के वाहन पर जहां श्रद्धालुओं को शीतल पेय वितरित किया जा रहा था वहीं दूसरी ओर उन्हें जल संरक्षण का महत्व भी बताया जा रहा था। अगल-बगल और आगे जल संरक्षण से जुड़े फोटो प्रदर्शनी लगी हुई थी। इन तस्वीरों में जल संकट वाले इलाकों में पीने के पानी के लिए कितनी मशक्कत करनी पड़ रही है दर्शाया गया था। मानव सेवा माधव सेवा समूह के सदस्य रमेश जी, श्यामानंद, तेज बहादुर सिंह, आर के तिवारी, राजा, सरोज आदि श्रद्धालुओं की सेवा में जुटे हुए थे।

## योगाभ्यास निरोग रहने का मूलमंत्र : एसडीओ



**जमशेदपुर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी धालभूम सह उप नियंत्रक नागरिक सुरक्षा जमशेदपुर पीयूष सिन्हा की उपस्थिति में समाहरणालय परिसर में योगाभ्यास किया गया। समाहरणालय परिसर में योगाचार्य प्रणव नाहा, डिप्टी पोस्ट वार्डेन, नागरिक सुरक्षा, जमशेदपुर के द्वारा योग दिवस के अवसर पर योगासन करने का नियम बताया गया। इस अवसर पर अनुमण्डल पदाधिकारी, धालभूम ने सभी से योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने तथा अन्य को भी प्रेरित करने के लिए कहा।

# अंतर्राष्ट्रीय मैथिली परिषद के नये अध्यक्ष बने अशोक दास एवं विपिन झा बने महासचिव

### मैथिली पुस्तक का हुआ लोकार्पण, कवि सम्मेलन के साथ परिषद का हुआ पुनर्गठन

अंतरराष्ट्रीय मैथिली परिषद का 31 वां स्थापना दिवस समारोह संपन्न





खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** अंतर्राष्ट्रीय मैथिली परिषद का 31 वां स्थापना दिवस एग्रिको स्थित सुमन मेमोरियल ट्रस्ट के सभागार में मैथिली साहित्यकार मंच एवं अंतर्राष्ट्रीय मैथिली परिषद, जमशेदपुर इकाई के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को समारोह पूर्वक संपन्न हुआ। समारोह में डा रवीन्द्र कुमार चौधरी द्वारा संपादित पुस्तक 'एकसं एककैस' का लोकार्पण किया गया। पुस्तक के समीक्षा वक्तव्य में शिव कुमार झा टिल्लू ने कहा कि मैथिली में 112 पुस्तकों के रचयिता व साहित्य अकादमी सम्मान से सम्मानित जगदीश प्रसाद मंडल की 1000 से अधिक कथाएं प्रकाशित हैं। उनमें से सर्वाधिक चर्चित 21 कथाओं को इस पुस्तक में संग्रहित किया गया है। ग्रामीण, खेतिहर वर्ग के लेखक के इन कथाओं को संग्रहित कर मैथिली पाठकों के बीच लाकर डॉ चौधरी ने सराहनीय कार्य किया है। समारोह में पुस्तक लोकार्पण के बाद अंतरराष्ट्रीय मैथिली परिषद, जमशेदपुर की नई कमेटी की औपचारिक घोषणा डा अशोक अविचल ने किया। इसमें अंतर्राष्ट्रीय मैथिली परिषद के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर धनाकर ठाकुर द्वारा नियोजित सूची को पढ़ प्रस्तुत किया गया। इसमें अशोक कुमार दास को अध्यक्ष, कमल कांत झा एवं अगम कुमार झा को उपाध्यक्ष, विपिन झा को महासचिव तथा कृष्णा कामत को सचिव बनाया गया। पुनर्गठित कमेटी के सभी नव चयनित अधिकारियों को माला पहनाकर अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मैथिली साहित्यकार मंच के अध्यक्ष डॉ अशोक अविचल ने किया। स्वागत भाषण अशोक कुमार दास ने किया। पंकज कुमार झा ने परिषद के कार्यकलाप का विवरण प्रस्तुत किया। सुमन मेमोरियल ट्रस्ट के निदेशक व समाजसेवी एमसी मधुकर ने समारोह की महत्व पर प्रकाश डाला। नीलांबर चौधरी ने भगवती वंदना प्रस्तुत किया। संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन मैथिली साहित्यकार मंच के महासचिव डॉ रवीन्द्र कुमार चौधरी ने करते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय मैथिली परिषद की स्थापना 20 जून 1993 को रांची के मेकन हॉस्पिटल में प्रसिद्ध चिकित्सक रहे डॉ धनाकर ठाकुर द्वारा किया गया था। वर्तमान में इस परिषद का विस्तार पूरे भारत एवं नेपाल में है। उसके बाद डॉ अशोक अविचल की अध्यक्षता में प्रारंभ हुआ कवि सम्मेलन। कवि सम्मेलन में श्यामल सुमन, शिवकुमार टिल्लू, कुसुम ठाकुर, अरुणा झा, रूपम झा, नूतन झा, अशोक पाठक स्नेही, विवेकानंद झा विभु, गोपाल चंद्र झा, नीलांबर चौधरी, विश्व नारायण शिल्पी, गुंजन झा ने सस्वर कविता पाठ कर श्रोताओं को खूब झुमाया। कवि सम्मेलन में सभी-कवि एवं कवित्रियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कवि सम्मेलन का संचालन व धन्यवाद ज्ञापन डॉ रवीन्द्र कुमार चौधरी ने किया। इस मौके पर मिथिला सांस्कृतिक परिषद, परमहंस लक्ष्मीनाथ गोस्वामी कल्याण समिति, ललित नारायण मिश्र सांस्कारिक एवं सामाजिक कल्याण समिति के अध्यक्ष, महासचिव, पदाधिकारी गण, शहर के गणमान्य मैथिल मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# खराब पड़े चापाकल, सोलर जलमीनार की होगी मरम्मत : उप विकास आयुक्त

### पेयजल स्वच्छता विभाग की समीक्षा बैठक में कहा- योजनाओं में लायें तेजी

खबर मन्त्र ब्यूरो



बैठक की अध्यक्षता करते डीडीसी मनीष कुमार।

**जमशेदपुर।** उपायुक्त, पूर्वी सिंहभूम के निदेशानुसार उप विकास आयुक्त श्री मनीष कुमार द्वारा पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की समीक्षा की गई। कार्यपालक अभियंता को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि पेयजलापूर्ति से संबंधी सरकार की सभी महत्वाकांक्षी योजनाओं को निर्धारित समय में धरातल पर उतारें।

हर-घर नल योजना में धीमी प्रगति पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए ग्रामीण जलापूर्ति की इस योजना के कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। जिले के दोनो प्रमंडल में करीब 3.5 लाख लाख से अधिक घरों को योजना से जोड़ना है, इसके लिए समयबद्ध तरीके से कार्य पूर्ण करने का निदेश दिया गया जिससे ग्रामीणों को नल से शुद्ध जल उपलब्ध हो सके। अभी तक जमशेदपर प्रमंडल में 98 हजार तथा आदित्यपुर प्रमंडल में मात्र 13 हजार घरों को इस योजना से आच्छादित किया गया है, उप विकास आयुक्त ने कहा कि अगर समयबद्ध तरीके से कार्य पूर्ण नहीं किया गया तो कई परिवार इस योजना का लाभ लेने से वंचित रह जाएंगे। इसलिए समयबद्धता एवं गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें। कार्य की गति को बढ़ाना होगा। उप विकास आयुक्त ने कहा कि पंचायत/ टोला स्तर पर हर घर जल टेप वाटर (क्रियाशील घरेलू जल नल संयोजन/ एफ एच टी सी), मेगा जलापूर्ति नदी आधारित एवं लघु जलापूर्ति सौर ऊर्जा आधारित बोरिंग के माध्यम से जल उपलब्धता हेतु कार्य कराया जा रहा है, उसके रख-रखाव के प्रति ग्रामीणों को जागरूक करें। भू- गर्भीय जल के संवर्धन पर भी ध्यान देना आवश्यक है। अन्य पेयजलापूर्ति योजना को पूर्ण करने में जितनी भी अन्तर-विभागीय मामले हैं, उसके लिए संबंधित पदाधिकारी के साथ आपस में समन्वय बनाकर समस्या का निदान किया जाए। चापाकल या सोलर जलमीनार के खराब पड़े होने की स्थिति में स्वतः संज्ञान लेते हुए भी पेयजल स्वच्छता विभागीय पदाधिकारी को अविलंब मरम्मतीकरण का निर्देश दिया गया। बैठक में कार्यपालक अभियंता जमशेदपुर प्रमंडल अभय टोप्पो, जिला समन्वयक एसबीएम-जी व अन्य उपस्थित थे, वहीं सभी एई व जेई वीसी से जुड़े।

## शाबाश : बोड़ाम प्रखंड के अध्ययन केंद्रों के 5 बच्चे नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में सफल



**जमशेदपुर।** हर साल की भांति इस साल भी जवाहर नवोदय विद्यालय 2023 के प्रवेश परीक्षा में टैलेंट सर्च अकादमी के द्वारा परिचालित अध्ययन केंद्र मोहनपुर, बोड़ाम प्रखंड के पांच छात्र छात्राओं में से सुदीप महतो –सुक्ला, गोविन्द महतो–पेनादा, धरित्री महतो– गुगलुबनी, नगेंद्र महतो– कमलपुर और बलराम महतो – बेको ने सफलता हासिल किए जो पटमदा–बोड़ाम प्रखंड जैसे पिछड़े क्षेत्र के गरीब होनहार छात्र–छात्राओं को क्लास 12वीं कक्षा तक नि:शुल्क उच्च गुणात्मक पढ़ाई करने का सौभाग्य प्राप्त हुए। टैलेंट सर्च अकादमी एक दशक से नि:शुल्क पटमदा बोड़ाम प्रखंड नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा के तैयारी का एक महत्वपूर्ण अनोखा कार्यक्रम चलाते आ रहे है। टैलेंट सर्च के युवा सदस्य उदय गोप, उमेश माण्डी, बृंदावन महतो और दिनेश महतो के महत्त्वपूर्ण योगदान रहा और साथ में शिक्षक संतोष कुमार महतो का अहम योगदान रहा। टैलेंट सर्च अकादमी के अध्यक्ष हाराधन महतो ने कहा कि उदय के सपनो को पूरा करने में वह हर संभव सहायता प्रदान करते रहेंगे। आज तक टीएसए के 55 से भी ज्यादा ग्रामीण मेधावी छात्र छात्राओं ने स्वायत्तशासी जवाहर नवोदय विद्यालय के प्रवेश परीक्षा में सफल होकर नि:शुल्क जवाहर नवोदय विद्यालय पूर्वी सिंहभूम में पढ़ रहे है जो समाज के लिए एक मिशाल है। उन्होंने कहा की 2024 के लिए पटमदा–बोड़ाम के कक्षा 4 एवं 5 के हर मेधावी बच्चों को सैनिक स्कूल और नवोदय विद्यालय के प्रवेश परीक्षा के ऑनलाइन नि:शुल्क तैयारी करेंगे।

खबर एक नजर में

## बिरसानगर : पीएम आवास योजना में मजदूरों की मौत से कांग्रेस विस्मित



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस के अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे को लगातार सूचना प्राप्त हो रही थी कि बिरसानगर में निर्मित हो रहे प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत कार्य के दौरान सुरक्षा मानकों की लगातार अनदेखी के कारण कार्य के दौरान गिर कर मजदूर चोटिल हो रहे हैं यहां तक कि 3 मजदूरों कि दुर्घटनावश मृत्यु हो गई। जिसकी सूचना पाकर जिलाध्यक्ष कार्य स्थल का मुआयना करने पहुंचें। इस दौरान जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे ने काफी रोष व्यक्त किया कि संवेदक कम्पनी के द्वारा अधिकृत तकनीशियन सुपरवाइजर की नियुक्ति नही की गई है। सेफ्टी संबंधित सुरक्षा अधिकारी की नियुक्ति भी नहीं है। कार्य के दौरान श्रम अधिनियम की अनदेखी की जा रही है, सुरक्षा उपकरण भी मजदूरों को नही दिया जा रहा है। जिला अध्यक्ष ने कहा कि संवेदक और अधिकृत विभाग ने जी प्लस 8, जो लगभग 90 फुट उचांई पर मजदूरों को वगैर मेडिकल जांच के चढा कर कार्य कराया जा रहा है, जो गैरकानूनी है। मजदूर लगातार दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं कल भी एक मजदूर की मृत्यु हुई पूर्व में भी मजदूर गिर कर मृत हुए हैं। ये मामला मजदूर हित के बिल्कुल खिलाफ है। भवन निर्माण में प्रयोग किए जा रहे सामग्री भी गुणवत्तायुक्त नहीं है यहां तक कि मजदूरों को न्यूनतम वेतनमान भी नहीं दिया जा रहा है। कांग्रेस पार्टी मजदूर हित के रक्षार्थ आंदोलन करेगी तथा उन्हें न्याय दिलाने के लिए पूर्वी सिंहभूम जिला के प्रभारी मंत्री, स्वास्थ्य मंत्री तथा संबंधित पदाधिकारियों तक मामलें को क्रमवार रखेगी। इस विषय को लेकर जल्द ही एक सभा का आयोजन बिरसानगर के कार्यस्थल पर 24 जून को संध्या 5:00 बजे की जा रही है। जिसमें सभी सुरक्षा संबंधित विषयों के संग कार्य के प्रगति एवं गुणवत्ता पर निर्णय लिया जाएगा। किसी भी कीमत पर झारखण्ड में कांग्रेस एवं झामुमो, आरजेडी के गठबंधन सरकार को बदनाम होने नही दिया जाएगा। हर हाल में गरीब एवं मजदूर हित में कार्य किए जाएंगे। निरिक्षण के दौरान दुबे के संग बिरसानगर प्रखण्ड अध्यक्ष संजय घोष, निखिल तिवारी, प्रसन्नजित सेन, संजय तिवारी एवं बस्तिवासी सम्मिलित थें।

## बकरीद में प्रतिबंधित जानवरों की कुबार्नी नहीं की जायेगी : इमाम अनिसुर रहमान





**जमशेदपुर।** गुरुवार को आजाद नगर थाना क्षेत्र के महल इन के सभागार में आजाद नगर थाना शांति समिति के सदस्यों एवं मस्जिदों के इमाम के बीच ईद उल जुहा बकरीद पर्व को लेकर अवश्य बैठक बुलाई गई जिसकी अध्यक्षता में पाटामदा सर्कल के डीएसपी सुमित कुमार ने की जिसमे मुख्य रूप से आजाद नगर थाना प्रभारी राकेश कुमार, मांगो नगर निगम की परीक्षामान कार्यपालक पदाधिकारी चंदन कुमार,मानगो नगर निगम सिटी मैनेजर राहुल कुमार, एमओ अकादेमी के इमाम अनिसुर रहमान, मेंहदी मस्जिद के इमाम खास तौर से उपस्थित थे। बैठक का संचालन मांगो नगर निगम के ब्रांड एंबेसेडर एवं शांति समिति के सचिव मुख्तार आलम खान ने किया इस बैठक में त्योहार को शांति पूर्व मानने की बात कही गई। एमओ अकादेमी मदीनातुल ओलूम मस्जिद के इमाम अनिसुर रहमान ने कहा के किसी भी तरह के प्रतिबंधित जानवर की कुबार्नी नही की जायेगी जो भी कुबार्नी हिंदुस्तान की कानून के हिसाब से जायज है जैसे बकरा, बकरी, भेड़ आदि की ही कुबार्नी दी जाएगी नगर निगम में कार्यपालक पदाधिकारी चंदन कुमार ने कहा के कुबार्नी के बचे हुए अवशेष को नगर निगम द्वारा चिन्हित जगहों पर ही डाले ताकि गंदगी इधर उधर ना फैले। डीएसपी सुमित कुमार ने कहा के आप सभी के द्वारा हर एक त्योहार को बहुत भाई चारा से मनाया जाता है और ये उम्मीद की जाती है के इस बार भी ईद उल जुहा बहुत साफ सफाई एवं भाईचारे के साथ मनाया जायेगा और क्षेत्र में सभी जगह स्तिथि का नियंत्रण करने की लिए स्पेशल फोर्स तैनात किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से शेख बदरुद्दीन,सरदार जसवंत सिंह, मोइनुद्दीन अंसारी, शाहिद परवेज, ताहिर हुसैन, मास्टर सिद्दीकी, हाजी फिरोज असलम, हाजी अब्दुल हाफिज, अबरार आलम, आजाद अंसारी, मास्टर सेराज, फरजाना सफी, सिद्दीक अली खास तौर पर मौजूद थे।

## विचौलियों के माध्यम से नियुक्ति नहीं करता टाटा स्टील यूआइएसएल

### कंपनी प्रवंधन ने युवाओं को किया सावधान

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील यूआईएसएल ने घोषणा की है कि वह बिचौलियों के माध्यम से कोई नियुक्ति नहीं करता है। कंपनी ने कहा है कि भर्ती संबंधी सभी गतिविधियां उसके मानव संसाधन विभाग द्वारा नियंत्रित की जाती हैं, और इस संबंध में सभी संचार कंपनी की आधिकारिक ईमेल आईडी के माध्यम से किया जाता है। कंपनी ने नौकरी चाहने वालों से आग्रह किया है कि वे टाटा स्टील यूआईएसएल से जुड़े होने का दावा करने वाले किसी भी मध्यस्थ से न जुड़ें। सभी नियुक्तियां पारदर्शी और निष्पक्ष भर्ती प्रक्रिया के आधार पर की जाती हैं, और चयन पूरी तरह से योग्यता पर आधारित होता है। टाटा स्टील यूआईएसएल हमेशा नैतिक व्यावसायिक प्रथाओं के लिए प्रतिबद्ध रही है। पारदर्शिता और नैतिक भर्ती प्रथाओं पर कंपनी के फोकस ने एक जिम्मेदार कॉर्पोरेट नागरिक के रूप में अपनी स्थिति को और मजबूत किया है।

## टाटा स्टील इंटर डिविजनल मेंस कैरम चैंपियनशिप का समापन

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** टाटा स्टील के खेल विभाग ने 21-22 जून तक जेएफसी मीडिया सेंटर, जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में इंटर-डिविजनल कैरम चैंपियनशिप का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस अवसर पर राजीव मल्होत्रा, चीफ लाइम प्लांट, टाटा स्टील, हेमंत गुप्ता, हेड, एडवेंचर प्रोग्राम और स्पोर्ट्स, टाटा स्टील के साथ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। चैंपियनशिप में टाटा स्टील की 19 इकाइयों की कुल 36 टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस वर्ष की प्रतियोगिता में 72 से अधिक खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। असाधारण कौशल और खेल कौशल के प्रदर्शन में, टाटा स्टील लॉन्ग प्रोडक्ट्स की टीम अपनी शक्ति और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन करते हुए विजेता बनकर उभरी, जबकि ओर, माइंस एंड क्वैरीज डिवीजन की टीम बी ने उपविजेता का स्थान हासिल किया। टाटा स्टील का वेस्ट बोकारो डिवीजन इस चैंपियनशिप में द्वितीय उपविजेता के रूप में उभरा। चैंपियनशिप को जाने माने तकनीकी अधिकारियों की विशेषज्ञता से लाभ हुआ, जिनमें तिलक राम, जसवन्त, जे बेहरा, शिवा और एन दास शामिल थे जिन्होंने अपनी भूमिकाएं सराहनीय ढंग से निभाईं। खेलों को प्रोत्साहन और अपने कार्यबल के बीच सौहार्द की भावना को बढ़ावा देने के लिए टाटा स्टील की प्रतिबद्धता पूरे चैंपियनशिप के दौरान स्पष्ट रूप से दिखी।

## भागवत कथा सुनने और हरि नाम लेने से जीव मोक्ष के साथ हरि के धाम जाता है : श्री युगल किशोर शास्त्री



**जमशेदपुर।** भारतीय कृष्ण भावनामृत संघ के द्वारा श्री श्री जगन्नाथ महाप्रभु की रथ यात्रा के उपलक्ष में साप्ताहिक श्रीमद् भागवत कथा अमृत गुंडिचा मंदिर राजस्थान भवन (मौसी बाड़ी), मानगो में हो रही है। गुरुवार को कथा का द्वितीय दिवस था। श्रीधाम वृंदावन से पधारे पूज्य संत श्री युगल किशोर शास्त्री के मुखारविंद से आज कथा सुनाई गई। कथा में महाराज परीक्षित का जन्म अभिषेक और शमिक ऋषि के पुत्र श्रृंगी ऋषि द्वारा परीक्षित को तक्षक सर्प द्वारा दंश का श्राप देना राजा परीक्षित का मोह भंग होना राजा का गंगा के तट पर पहुंचना और विलाप करना और श्री श्री शुकदेव गोस्वामी महाराज गंगा तट पर आगमन श्री शुकदेव गोस्वामी महाराज द्वारा राजा परीक्षित एवं जीव कल्याण के लिए सप्ताहिक श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण कराना एवं भागवत के 10 लक्षणों के बारे में बताएं। इसके साथ ही माता देवहूति एवं कपिल संवाद माता देवहूति का अपने पुत्र कपिल देव को गुरु बनाना एवं गुरु की महिमा वराह अवतार की कथा हिरण्याक्ष की मोक्ष की कथा एवं श्रीधाम वृंदावन की महिमा आदि लीलाओं का वर्णन करते हुए श्रीधाम वृंदावन से आगत पूज्य संत ने श्रोताओं को बताया कि श्रीमद् भागवत कथा श्रवण करने से तथा हरि नाम लेने से जीव सिर्फ मोक्ष ही नहीं अपितु भगवान के नित्य धाम को जा सकता और कथा श्रवण करने से भगवान के श्री चरणों में अनंत कोटि पर्यंत तक वास मिलता है। कथा में मुख्य रूप से सेवा अधिकारी प्रभु द्वारिका बलराम दास, अनादि कृष्णा दास, अध्यक्ष बापी पात्रा, उपाध्यक्ष विजय कुमार अग्रवाल, सचिव शिव प्रकाश शर्मा, राहुल शर्मा, भोला मंडल, कमल दास, अंजू मंधान सहित बड़ी संख्या में माताओं बहनों एवं श्रद्धालु भक्तगणों ने कथा का आनंद लिया और भगवत सुमिरन किया।

## रामार्चा पूजा 3-4 को, विधायक सरयू राय ने किया बारीडीह मैदान में भूमि पूजन सह ध्वजारोहण

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** विधायक सरयू राय ने गुरुवार को बारीडीह, विधायक कार्यालय के समीप स्थित मैदान में रामार्चा पूजा का भूमि पूजन एवं हनुमान जी का ध्वाजारोपण किया। पंडित विनोद पाण्डेय की देखरेख में विधिवत पूजा संपन्न हुई। पूजन के साथ ही मैदान में पंडाल एवं स्टॉल लगाने का कार्य प्रारंभ हो गया। आगामी 3 जुलाई को रामार्चा पूजा एवं 4 जुलाई को प्रसाद का वितरण किया जाना है। विधायक सरयू राय के द्वारा प्रत्येक वर्ष गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर रामार्चा पूजा का आयोजन किया जाता है, जिसमें हजारों लोग प्रसाद ग्रहण करने आते हैं। इस वर्ष भी रामार्चा पूजा का आयोजन बारीडीह में विधायक कार्यालय के समीप स्थित रामार्चा मैदान में किया जाएगा। आज के पूजन कार्यक्रम में भाजमो जिला अध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव, मुकुल मिश्रा, अजय सिन्हा, शंकर पोद्दार, आशुतोष राय, सुधीर सिंह, विकास गुप्ता, अमित शर्मा, वंदना नामता, पप्पु सिंह सूर्यवंशी, काकुली मुखर्जी, किरण सिंह, मिस्टु सोना, रंजीता राय, विजय नारायण सिंह, शंकर कर्मकार, विनोद यादव, विनोद राय, राघवेन्द्र प्रताप सिंह, सुजीत सिंह, पुतुल सिंह, नंदिता गागराई, सीता सिंह, सुलोचना देवी, ज्योति तिवारी, लक्ष्मी सरकार, अमित राम, अशोक कुमार आदि मौजुद थे।

## जमशेदपुर ट्रक एवं ट्रेलर एसोसिएशन का एजीएम सफलतापूर्वक संपन्न



**जमशेदपुर।** गुरुवार को साकची स्थित होटल दयाल इंटरनेशनल में जमशेदपुर ट्रक एंड टेलर एसोसिएशन का वार्षिक सम्मेलन सह आमसभा का आयोजन संस्था के अध्यक्ष जसबीर सिंह की अध्यक्षता में हुई। इस आम सभा में मुख्य अतिथि के रूप में जमशेदपुर के मोटर वाहन निरीक्षक विमल किशोर और जमशेदपुर के सीसीआर डीएसपी अनिमेष गुप्ता उपस्थित रहे। इस सम्मेलन में एसोसिएशन के लगभग ढाई सौ सदस्यगण उपस्थित हुए। इस मिलन समारोह सह आम सभा में वाहन मालिकों ने उनके सामने आने वाली तमाम समस्याओं से एमवीआई को अवगत कराया। वाहन मालिकों की बड़ी समस्याएं निम्न है : झारखंड राज्य में तमाम सड़कें जो कि शहर से गुजरती हैं उन्हें हाईवे का दर्जा प्राप्त है मगर बहुत सारी जगहों पर नो एंट्री लगा कर रखी गई है जिसे जल्द खत्म किया जाए। संस्था के मुख्य संरक्षक नीरज सिंह ने कहा कि हम गाड़ी मालिक सरकार को हर एक कदम पर टैक्स देते हैं, मगर सरकार की ओर से हमें कोई सुविधा गाड़ी मालिकों को नहीं दी जाती है। आम सभा में सदस्यों के बीच सदस्यता का सर्टिफिकेट भी वितरण किया गया। साथ ही अध्यक्ष जसबीर सिंह ने बताया की ट्रक एंड टेलर एसोसिएशन हमेशा से ही कई सामाजिक कार्यों में लगे रहता है इस मिलन समारोह में संस्था के संरक्षक वीरेंद्र यादव सतवीर सिंह सोनू राजीव रंजन सिंह बिट्टू तिवारी कोषाध्यक्ष मिनाज खान रत्नेश सिंह प्रदीप शर्मा बालक सिंह तपस्या सिंह मनीष कुमार सिंह रंजीत सिंह पारसनाथ गुंजन कुमार चरणजीत सिंह और भगवान सिंह शामिल हुए।

## धूमधाम से मना आजसू का स्थापना दिवस, झारखंडी जनभावना को बढ़ावा देने का संकल्प

खबर मन्त्र ब्यूरो



स्थापना दिवस पर केक खिलाते जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह।

**जमशेदपुर।** सुदेश महतो की अगुवाई वाली आजसू पार्टी ने आज अपना 37 वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया।

स्थापना दिवस के तहत जमशेदपुर पूर्व एवं जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता निर्मल गेस्ट हाउस, सर्किट हाउस में जुटे जबकि जुगसलाई व पोटका के कार्यकर्ता गदड़ा मेन रोड स्थित मैरेज हॉल में जुटे जहां मुख्य अतिथि के रुप में क्रमशः जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह और आजसू के प्रधान महासचिव रामचंद्र सहिस अपनी टीम के साथ उपस्थित थे। पूर्वी विधानसभा और पश्चिम विधानसभा के कार्यकर्ता संयुक्त रूप से निर्मल गेस्ट हाउस जमशेदपुर में मनाया, जिसमे स्थापन काल में पार्टी के संस्थापक विर शहीद निर्मल महतो एवं बिरसा मुंडा को श्रद्धा सुमन अर्पित कर एवं केक कटिंग कर खुशियां मनाई गई और कार्यकताओं के बीच मिठाई बांटी गई। स्थापना दिवस को आजसू पार्टी ने संकल्प दिवस के रूप में मनाते हुए पार्टी के जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह ने कहा कि आजसू के लिए गौरव का पल है जो झारखंडी जनभावना झारखंडी विषयो और जनमानस के साथ बगैर समझौता के लगातार संघर्ष करते आया है। इस बीच पार्टी ने बहुत उतार -चढ़ाव देखा है पार्टी के अलग राज्य गठन से पहले और गठन के बाद तक संघर्ष और त्याग का एक इतिहास रहा है जो पार्टी हर एक कार्यकर्ता को भूमिका तय करती है जिनका सीधे जुड़ाव पार्टी के साथ साथ जनभावनाओं को लेकर संघर्ष करने का संकल्प लेकर आगे बढ़ता है।

कन्हैया सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा की 37 वर्ष पूर्व जिस झारखंडी विरासत को एक विचारधारा में तब्दील करने को लेकर आजसू पार्टी की नीव रखी गई थी उसी विचारधारा को सुरक्षित रखना और आजसू पार्टी का परम कर्तव्य है। इसलिए कार्यकर्ता इसका संकल्प ले की पार्टी के नीति सिद्धांतो के आगे बढ़ाने और जनता के झारखंडी विकास की सोच के अनुरूप जनता के बीच विश्वास बढ़ाना है और इस राज्य में एक कुशल नेतृत्व और राज्य के जनभावनाओं के साथ संघर्ष करने का संकल्प लेकर आगे बढ़ना है। स्थापना दिवस पर मुख्य रूप से चंद्रगुप्त सिंह, प्रणव मजुमदार, मुन्ना सिंह ब्रजेश, अशोक मंडल, कमलेश दुबे, प्रमोद सिंह, धनेश कर्मकार, चन्द्रईश्वर पांडे, देवाशीष चौधरी, आशीष नामता, उमाशंकर सिंह, मो शहजाद, कुंदन सिंह, हैरी एंथोनी, राहुल प्रसाद, साहिल कुमार, क्रांति सिंह, सोनू सिंह, लक्ष्मण बाग, विनय सिंह, अभय सिंह, मनोज मुखी, राहुल, संजय, चंदन सिंह, अशोक तिवारी, संजीत कुमार, रोहन दास सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## रघुनाथ पांडेय ने द. अफ्रीका के दो दिवसीय इंडस्ट्री ऑल के सम्मेलन में लिया भाग



**जमशेदपुर।** दक्षिण अफ्रीका के केपटाउन शहर में इंडस्ट्री ऑल का दो दिवसीय मिड टर्म कांफ्रेंस गुरुवार को संपन्न हुआ। जमशेदपुर से इस कांफ्रेंस में जुस्को श्रमिक यूनियन के अध्यक्ष रघुनाथ पांडेय भाग ले रहे हैं। रघुनाथ पांडेय मेटल फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी हैं। उनके साथ कांफ्रेंस में इंटक के राष्ट्रीय महासचिव संजय सिंह भी भाग ले रहे हैं। कांफ्रेंस में उद्योगों में ठेका श्रमिकों यानी असंगठित श्रमिकों की दशा एवं दिशा पर चर्चा हुई। बताया गया कि उद्योगों में मात्र 7 प्रतिशत कर्मचारी ही कंपनी के पे–रोल पर हैं। शेष असंगठित मजदूर हैं जिनकी स्थिति बहुत दयनीय बनी हुई है। कांफ्रेंस में भारत में असंगठित मजदूरों की दयनीय स्थिति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इन मजदूरों को कोई सामाजिक सुरक्षा नहीं मिल रही है और उनका वेतन भी बहुत कम है। ऊपर से मौजूदा केंद्र सरकार श्रमिक कानूनों को कमजोर करने में लगी हुई है। मोदी सरकार भारत के 44 श्रम कानूनों को चार कानूनों में बदल रही है जो एक चिंता की बात है। टाटा स्टील में एलजीबीटीक्यू और महिलाओं को नियोजन में प्राथमिकता दी जा रही है।

